

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 6 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-278 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 7 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## व्यर्थ नहीं जाएगा कार्यकर्ताओं का बलिदान: साय

जगदलपुर,6 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

धरमपुरा के पीएमटी मैदान में आयोजित संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम साय ने कहा, चुनाव के दौरान और चुनाव के पहले भी हमारे पार्टी के कई अच्छे-अच्छे कार्यकर्ता नक्सलवाद के शिकार हुए. उन सभी को मैं नमन करता हूं. उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा. बस्तर के लोगों का स्वागत है. आपने 12 में से 8 सीटें जिताकर दी है.

सीएम साय ने कहा, पहली बार छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी आदिवासी मुख्यमंत्री बने हैं और आज एक आदिवासी मुख्यमंत्री का बस्तर में पहली बार आप लोगों के बीच में आगमन हुआ है. हमारे नेता बता रहे थे कि आज हमारे सरकार को बने हुए 24 -25 दिन हो गए हैं, लेकिन 24 - 25 दिन में हमने कई बड़े-बड़े कार्य संपन्न किए हैं, जो मोदी की गारंटी में हमारी पार्टी ने जो वादा किया था उसे पूरा किया है. शपथ लेने के दूसरे दिन 18 लाख गरीब लोगों पर प्रधानमंत्री आवास दिए जाने का निर्णय लिया गया है. कांग्रेस की सरकार में एक भी प्रधानमंत्री आवास का काम नहीं हुआ. हमारे गरीबों का हक छीना गया.



सीएम ने कहा, हमारी पार्टी का वादा था कि सरकार और मुख्यमंत्री होगा वह पहले काम 18 लाख गरीबों को पक्का मकान स्वीकृत करेगा और 13 दिसंबर को सरकार ने शपथ ली. 15 दिसंबर को यह वादा पूरा किया. 5 साल में कांग्रेस की सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए, लेकिन आपको बताते हुए मुझे गौरव होता है कि 25 दिसंबर को हमारे छत्तीसगढ़ में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है. इस दिन पूरे प्रदेश में जगह-जगह कार्यक्रम करके करोड़ रुपए से ज्यादा बोनस की राशि खाते में दी गई है. यह काम भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है.विष्णुदेव साय ने कहा, आज छत्तीसगढ़ में हमारे युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ हुआ था. पीएससी में बहुत घोटाला हुआ था. हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री कहते थे कि हमारी सरकार आएगी तो जांच करेंगे और आप लोगों को बताते हुए मुझे खुशी होती है कि हमने अभी घोटाले की जांच के लिए सीबीआई को सौंपा है. उनमें से कोई नहीं बचेगा, सब के ऊपर कार्यवाही होगी. मोदी की गारंटी में जो-जो वादे किए गए हैं वह सभी आने वाले 5 साल में हमें पूरे करने हैं. सीएम ने कहा, आज महतारी वंदन योजना और विवाहित महिला को साल में 12000 दिए जाने का हमारा वादा है. साल में ?12000 महतारी वंदन योजना में आएगा. तेंदूपत्ता जिसे हम लोग हरा सोना कहते हैं, ट्राइबल लोगों के आय का ज़रिया है. आज प्रति मानक बोरा 5-30 हजार रुपए दिए जाने का वादा है, उसे पूरा करेंगे और बोनस भी दिया जाएगा. जो भी भूमिहीन किसान मजदूर हैं उन्हें सरकार साल में ?10000 देने का कार्य करेगी. पद खाली है उन्हें पूरी प्रदेश के साथ हमारे सरकार भरने का काम करेगी. आप सभी को मालूम है कि मोदी की गारंटी में हमारी सरकार ने क्या-क्या बातें किए हैं और ज्यादा बताने समय नहीं है. हमें दूसरे संभाग के कार्यक्रम में भी जाना है. मैं मुख्यमंत्री के नाते कह सकता हूं कि मोदी की गारंटी को पूरा करेंगे.

## संक्षेप

### गृह मंत्री विजय शर्मा का नक्सलियों को दो टूक

**दंतेवाड़ा,6 जनवरी।** बस्तर में आज भाजपा संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है. जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, बीजेपी प्रभारी ओम माथुर, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री समेत कई नेता सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे. जहां कार्यकर्ताओं गर्मजोशी के साथ सभी का स्वागत किया. वहीं नेताओं ने मां दंतेश्वरी के दर्शन किए. इस दौरान उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों पर दो टूक जवाब दिया है. उन्होंने कहा कि नक्सली मुख्यधारा में आए वरना करारा जवाब दिया जाएगा. मां दंतेश्वरी के दर्शन करने पहुंचे गृह मंत्री विजय शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए नक्सलियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का फैसला किया है. उन्होंने कहा वार्ता के लिए मननाही नहीं है. बहके युवाओं को मुख्य धारा में आना पड़ेगा. नक्सलियों दिए दर्द से नौजवान, सीविलियन और जानवर तक कराह रहे है. आईडी ब्लास्ट में दर्जनों लोग घायल होते हैं. रायपुर हॉस्पिटल में 6 जवान भर्ती हैं. जिनमें 3 जवान के पैर जा चुके है, ये सामाजिक पीड़ा है. नक्सली मुख्यधारा में आए अन्यथा इस दर्द का हिसाब लिया जाएगा.

### ईडी ने टीएमसी नेता आध्या को किया गिरफ्तार

**कोलकाता ,6 जनवरी ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण मामले में बीती देर रात उत्तरी 24 परगना जिले से तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शंकर आध्या को गिरफ्तार कर लिया। आध्या, जो उसी जिले में बोंगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भी हैं, को कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में साल्ट लेक में ईडी के कार्यालय में लाया गया है। उन्हें पहले मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया जाएगा और फिर शनिवार दोपहर को कोलकाता में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत में पेश किया जाएगा, जहां केंद्रीय एजेंसी के वकील उनकी ईडी हिरासत की मांग करेंगे।

### मौत के मुंह से बचे 15 भारतीयों ने लगाए भारत माता की जय के नारे

**नई दिल्ली ,6 जनवरी ।** भारतीन सेना के जवानों की एक यूनिट मार्कोस ने उत्तरी अरब सागर में लाइबेरिया के ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज के अपहरण के प्रयास पर कार्रवाई की है। मार्कोस ने 15 भारतीयों सहित चालक दल के सभी 21 सदस्यों को रेस्क्यू कर लिया है। अब भारतीय नौसेना ने इन भारतीयों का एक वीडियो जारी किया है, जिसमें सबके चेहरे पर एक मुस्कान नजर आ रही है। भारतीय नौसेना ने एक वीडिया जारी किया है, जिसमें अपहृत हुए 15 भारतीय चालक नजर आ रहे हैं। यह सभी भारतीय अपहृत जहाज एमवी लिली नॉरफॉक पर चालक दल का हिस्सा थे। चालक दल के उत्साहित सदस्यों ने रेस्क्यू के बाद 'भारत माता की जय' का नारा लगाया और भारतीय नौसेना को धन्यवाद दिया।

### महादेव एप सट्टेबाजी में पहली गिरफ्तारी

**मुंबई ,6 जनवरी ।** चर्चित महादेव सट्टेबाजी एप धोखाधड़ी मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच की एसआईटी को बड़ी कामयाबी मिली है। एसआईटी ने 15,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पहली गिरफ्तारी की है। मुंबई पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम दीक्षित कोठारी है। पुलिस के मुताबिक, बीते साल कोर्ट के आदेश के बाद माटुंगा पुलिस ने महादेव सट्टेबाजी ऐप को लेकर मामला दर्ज किया था और फिर मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाई गई थी। महादेव बेटिंग एप और उसके प्रमोटर्स के खिलाफ धोखाधड़ी को लेकर मुंबई पुलिस ने 8 नवंबर को केस दर्ज किया था।



**रायपुर,6 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज नवा रायपुर, अटल नगर स्थित न्यू सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति जस्टिस श्री रमेश सिन्हा ने सौजन्य मुलाकात की।


### सीएम को काले झंडे दिखाने के पूर्व कांग्रेसी नजरबंद

**जगदलपुर,6 जनवरी।** पुलिस ने महापौर सफिरा साहू, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य समेत 20 लोगों को एसपी ऑफिस में नजरबंद किया है. दरअसल, ये कांग्रेसी नेता सोशल मीडिया में हसदेव के मामले में काले झंडे से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को काले झंडे दिखाने वाले थे। बता दें कि भाजपा आज से छत्तीसगढ़ में संभाग स्तरीय सम्मेलन की शुरुआत कर रही है. जिसकी शुरुआत बस्तर संभाग से होगी. कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के लिए बीजेपी नेता जगदलपुर पहुंच चुके हैं. इनमें प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव शामिल हैं. वहीं सीएम भी इस सम्मेलन में शामिल होंगे. भाजपा का ये सम्मेलन सभी पांच संभागों में होगा. बस्तर संभाग में सम्मेलन का आयोजन मुख्यालय जगदलपुर के पीजी कॉलेज ग्राउंड में किया गया है। जिसमें 7 जिलों के कार्यकर्ता शामिल होंगे.

## ईडी की चार्जशीट में पूर्व मुख्यमंत्री का भी नाम

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,6 जनवरी।** बड़ी खबर सामने आई है कि महादेव बेटिंग ऐप मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने चार्जशीट फाइल कर दी है। इस चार्जशीट में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम भी शामिल है। दरअसल ईडी की पूछताछ में महादेव बेटिंग ऐप के एक आरोपी ने बघेल का नाम लिया है। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने इस मामले में 5 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की। चार्जशीट में शुभम सोनी, अमित कुमार अग्रवाल, रोहिल गुलाटी, भीम सिंह और असीम दास का नाम शामिल है।



चार्जशीट में यह बताया गया है कि आरोपी असीम दास जो कि महादेव बेटिंग ऐप के प्रमोटर के लिए हिंदुस्तान में कुरियर का काम करता था। उसके यहां हाल ही में रेड की गई, जिसमें 5.39 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। इसके बाद उसकी गिरफ्तारी की गई थी। चार्जशीट में यह भी कहा गया है कि असीम दास ने पूछताछ में ईडी को बताया है कि ये पैसा हाल ही में छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी के नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएण भूपेश बघेल के लिए भेजे गए थे। चार्जशीट में भूपेश बघेल का नाम सामने आने के बाद अब उनकी मुश्किलें बढ़ सकती है।

इधर असीम दास ने पूछताछ में ईडी को बताया कि महादेव बेटिंग ऐप के प्रमोटर्स की तरफ से भूपेश बघेल को कुल 508 करोड़ रुपये दिए गए थे। ईडी ने चार्जशीट में ये लिखा कि गिरफ्तारी के बाद असीम दास ने 2 नवंबर 2023 को जो अपना बयान दिया था, उससे वो पलट गया था।

असीम ने उस दिन अपने वकील के साथ आए एक शख्स के प्रभाव में आकर अपने बयान पलटे थे। उसे पहले से टाइप किया वो बयान दिया गया था और बोला गया था कि उसी बयान पर अपने द्वारा लिखकर साइन कर दे, जिससे उसे कोर्ट में फायदा होगा। बता दें कि ये वो बयान था, जिसमें उसने बोला था कि बरामद पैसा नेता भूपेश बघेल के लिए हवाला के जरिए आया था। ईडी ने ये भी लिखा कि 3 नवंबर को जो बयान असीम ने दिया था वो एक दम सही था। यानी भूपेश बघेल का नाम लेना सही था।

साथ ही चार्जशीट में ये भी लिखा है कि दुबई में महादेव ऐप के प्रमोटर्स की तरफ से एक सक्सेस पार्टी का आयोजन किया गया था, जिसमें कई बॉलीवुड के कलाकारों ने इसमें भाग लिया था। हालांकि चार्जशीट में किसी के नाम का जिक्र नहीं किया गया है।

## कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो की फिर फजीहत

**नई दिल्ली,6 जनवरी।** कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का साथ बुरी खबरें छोड़ ही नहीं पा रही हैं। एक बार फिर वह पूरी दुनिया के सामने शर्मसार हुए हैं। उनके विमान ने फिर धोखा दे दिया है। इससे पहले जब वह जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने नई दिल्ली आए थे, तब उनका प्लेन उड़ान नहीं भर पाया था। इसकी वजह से उन्हें डेढ़ दिन ज्यादा नई दिल्ली में रुकना पड़ा था। उस वक्त भारत ने मदद की पेशकश की थी लेकिन ट्रूडो ने उसे स्वीकार नहीं किया था। इस बार जब वह सपरिवार जमैका छुट्टियां मनाने गए तब वहां भी उनके प्लेन ने धोखा दे दिया। गनीमत ये रही कि एक टेक्निशियन की मदद से किसी तरह विमान को उड़ाया जा सका और वो देश लौट सके। ट्रूडो 26 दिसंबर को जमैका स्थित रिसॉर्ट के लिए रवाना हुए थे और गुरुवार को वापस स्वदेश लौटे हैं। उनके साथ परिवार के अन्य सदस्यों समेत सोफी ग्रेगोइरे भी थीं, जिनसे वह 2023 में अलग हो गए थे।



जब जस्टिन ट्रूडो का विमान जमैका में खराब हो गया तो राष्ट्रीय रक्षा विभाग को आनन-फानन में दूसरा विमान जमैका भेजना पड़ा। दोनों विमान रॉयल कैनेडियन वायु सेना द्वारा संचालित CC-144 चैलेंजर्स कैटगरी के विमान हैं। रिपोर्ट में डीएनडी के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया है, ÷दूसरा विमान पहले विमान की मरम्मत के लिए एक रखरखाव टीम लेकर गया था। उसे वहां बैकअप के तौर पर रखा गया था ताकि प्रधान मंत्री को उसकी जरूरत पड़े तो इस्तेमाल किया जा सके। जिस विमान से ट्रूडो सपरिवार जमैका गए थे, उसमें समस्या का पता 2 जनवरी को चला। इसके बाद कनाडा से फिर एक रखरखाव दल जमैका आया। तब इस टीम ने उसकी मरम्मत की और उसे सेवा में दोबारा लाया जा सका।

## खड़गे ने जारी किया 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का लोगो

### राहुल गांधी बोले- न्याय का हक मिलने तक यात्रा जारी रहेगी

**नई दिल्ली,6 जनवरी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा', जो 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू होने वाली है, देश के बुनियादी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर केंद्रित होगी। पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को ये बाते कही। खड़गे ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लोगो और टैगलाइन न्याय का हक मिलने तक भी लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि हम 14 जनवरी से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू करने जा रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में यह यात्रा मणिपुर के इंफाल से शुरू होगी और देश के 15 राज्यों से होकर गुजरेगी और मुंबई में खत्म होगी। यह यात्रा 110 जिलों, 100 लोकसभा सीटों और 337 विधानसभा सीटों को कवर करेगी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, ''हम अन्याय और अहंकार के खिलाफ न्याय का नारा बुलंद करके, अपने ही लोगों के बीच वापस आ रहे हैं।' राहुल गांधी ने अपने नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, मैं सच्चाई के इस रास्ते पर चलने की कसम खाता हूं, जब तक मुझे न्याय का अधिकार नहीं मिल जाता, यात्रा जारी रहेगी।÷ राज्य कांग्रेस के प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने पहले कहा था कि यात्रा 67 दिनों में 6,700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी। ठाकुर ने कहा कि यात्रा के 16-17 फरवरी के बाद छत्तीसगढ़ पहुंचने की उम्मीद है और यह पांच दिनों में राज्य के सात जिलों को कवर करेगी, जहां आदिवासियों की आबादी लगभग 32 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, कांग्रेस 'सत्याग्रह' को जनता के अधिकारों की लड़ाई के लिए एक मजबूत हथियार मानती है और 'भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा' आजादी के बाद देश का सबसे बड़ा और परिवर्तनकारी सत्याग्रह साबित होगी।' राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, कांग्रेस लोकसभा चुनाव से पहले यात्रा के माध्यम से छत्तीसगढ़ में पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना चाहती है क्योंकि पार्टी को राज्य में हाल के विधानसभा चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा है। खड़गे ने यह भी कहा कि मणिपुर में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी लेकिन पीएम मोदी या तो समुद्र तट पर गए, फोटो सेशन में तैराकी की, चल रहे मंदिर निर्माण स्थल पर तस्वीरें खिंचवाईं या केरल और मुंबई चले गए। वह हर जगह जाते हैं, आप हर जगह उनकी तस्वीरें देख सकते हैं... बिल्कुल वैसे ही जैसे जागने के बाद सबसे पहले भगवान के 'दर्शन'। लेकिन ये महापुरुष मणिपुर क्यों नहीं गये?



## कांग्रेस विधायक इकबाल हुसैन ने कहा- राम हमारे कुलदेवता, मैं उनका परम भक्त

**बेंगलुरु,6 जनवरी।** अयोध्या की हलचल से लगभग 2,000 किलोमीटर दूर, कर्नाटक के रामनगर जिले में एक पहाड़ी पर भगवान राम को समर्पित एक और मंदिर, रामदेवराबेट्टा चर्चाओं में है। चर्चा का कारण यह है कि मुस्लिम विधायक द्वारा यहां विकास कार्य के आदेश दिए गए हैं। विधायक कांग्रेस पार्टी से हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि भगवान राम शाश्वत शक्तिशाली, परोपकारी हैं और धर्म या लोगों के आधार पर भेदभाव नहीं करते हैं। मेरा नाम इक़बाल हुसैन है। मैं भगवान राम का भक्त हूं। मैं एक मुस्लिम हूं और रामनगर की पवित्र भूमि से विधायक के रूप में चुना गया हूं। स्थानीय लोगों का मानना है कि भगवान राम ने सीता और लक्ष्मण के साथ वनवास के दौरान रामदेवराबेट्टा में 'लिंग' स्थापित किया था। इसी पहाड़ी के पास वह स्थान भी है जहां प्रसिद्ध हिंदी फिल्म 'शोले' की शूटिंग हुई थी। रामनगर क्षेत्र के विधायक ने कहा कि वह 'रामोत्सव' को ''भव्य लेकिन धर्मनिरपेक्ष तरीके से'' मनाएंगे।'' हुसैन ने पत्रकारों से कहा, ''मैं पहले ही कह चुका हूं कि मैं राम भक्त हूं। मैं सभी देवताओं की पूजा करता हूं। इसके बारे में कोई अन्य सोच नहीं है।'' उन्होंने कहा कि वह बचपन से ही सरस्वती, लक्ष्मी, गणेश और भगवान राम की पूजा करते रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मैंने सभी राजनीतिक दलों के साथ भव्य लेकिन धर्मनिरपेक्ष तरीके से 'रामोत्सव' को श्रद्धापूर्वक मनाने का फैसला किया है।''



अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पर उन्होंने कहा, ''कुछ लोग अपने राजनीतिक फायदे के लिए कुछ भी करते हैं लेकिन कांग्रेस कभी भी लोगों को बांटने के लिए भगवान और धर्म का इस्तेमाल नहीं करती।'' हुसैन ने कहा, ''कांग्रेस की एक विचारधारा, प्रतिबद्धता और अनुशासन है, जिसका मैं पालन करता हूं।'' चुनावी वर्ष में अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह पर एक सवाल के जवाब में, उन्होंने कहा, ''यह उन (भाजपा) पर छोड़ दिया गया है।'' हुसैन ने कहा, ''हम राम सहित सभी देवताओं की पूजा करते हैं। उनके लिए यह नया हो सकता है लेकिन हमारे लिए नहीं। हमारे लिए, राम हमारे परिवार के भगवान हैं। वे राम का इस्तेमाल राजनीति के लिए कर रहे हैं। हम नहीं कर रहे हैं।

## रेलवे स्टेशन में पार्किंग ठेकेदार की मनमानी पर भड़के हाईकोर्ट चीफ जस्टिस

**बिलासपुर,6 जनवरी।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर ड्रॉप एंड गो में बैरियर लगाकर ठेकेदार की अवैध वसूली को लेकर जमकर नाराजगी जताई. मामले की सुनवाई के दौरान डीआरएम का जवाब पढ़कर चीफ जस्टिस नाराज हुए. उन्होंने कहा कि इतना बड़ा रेलवे स्टेशन चला रहे हो, हजारों यात्रियों का आना-जाना है, उनसे कोई मतलब है या नहीं. रेलवे स्टेशन पर मनमानी चल रही है, कहां है डीआरएम, ऑफिस से निकलकर रेलवे स्टेशन जाकर देखें कि क्या हालात है, यहां कोई सिस्टम है या नहीं.बता दें कि रेलवे की अव्यवस्था को लेकर मीडिया की खबर को हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है और मामले की जनहित याचिका मानकर केस की सुनवाई चल रही है. मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रेलवे डीआरएम को शपथपत्र के साथ जवाब प्रस्तुत करने कहा था. इसके बाद आनन-फानन में रेलवे के अफसरों ने दिखावे के लिए वाणिज्य निरीक्षक को सस्पेंड कर दिया. साथ ही ठेकेदार पर 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया. डीआरएम के जवाब में इसका भी जिक्र किया गया था. सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के बिलासपुर डीआरएम की तरफ से शपथ पत्र के साथ जवाब प्रस्तुत किया गया. सिस्टम पर सवाल उठाते हुए कोर्ट ने कहा कि रेलवे है, अस्पताल है, यहां लोग किस तरह की अव्यवस्था से गुजर रहे हैं, कितनी परेशानी झेलनी पड़ रही है. इस बात की चिंता आप लोगों को है भी या नहीं. न तो रेलवे की व्यवस्था सुधर रही है और न ही अस्पताल की. यहां सिस्टम नाम की कोई चीज ही नहीं रह गई है. लोगों को सुविधा मुहैया कराने के बजाय परेशानी ही खड़ी करते रहेंगे क्या? ऐसा काम क्यों करते हैं, जिससे लोगों की परेशानी हो.

## महादेव सट्टा एप पर भाजपा ने ईडी को सौंपे अहम दस्तावेज

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,6 जनवरी।** महादेव सट्टा एप के मामले में भारतीय जनता पार्टी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को दस्तावेज सौंपा है. भाजपा विधायक राजेश मूणत ने ईडी को दस्तावेज दिए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि अरबों-खरबों की इस लेन-देन पर दुर्ग (पुलिस) से जानकारी भी मांगी थी, इस पर हमने अपनी ओर से कुछ दस्तावेज ईडी को दिए हैं, और कहा कि इस पर भी जांच की जाए. भाजपा ने ऐसे समय में दस्तावेज ईडी को सौंपा है, जब कांग्रेस की ओर से ईडी को जांच एजेंसी नहीं बीजेपी की षड्यंत्रकारी एजेंसी करार दिया है. कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने एक वीडियो जारी कर कहा कि असीम दास के आरोपों पर पूर्व भूपेश बघेल के खिलाफ प्रेसनोट जारी किया गया था. इसके बाद असीम दास ने कोर्ट में अपने बयान में इसका खंडन भी किया है.उन्होंने कहा कि अब असीम दास का बयान झूठलाने के लिए ईडी जेल अंदर जाकर उसका बयान ले रही है. ऐसे में थर्ड डिग्री वाले बयान या कोर्ट के बयान, किसे ऑथेंटिक माना जाए. सभी बयानों से साफ होता है, यह ईडी का षड्यंत्र है. पूरी तरीके से इसका मुकाबला किया जाएगा. भूपेश बघेल पाक साफ होकर निकलेंगे और भाजपा का षड्यंत्र सबके सामने होगा. वहीं, पश्चिम बंगाल में ईडी की टीम पर हुए हमले को लेकर सुशील आनंद ने कहा कि क्रिया की प्रतिक्रिया भी आने लगी है.



दरअसल, महादेव सट्टा एप मामले में ईडी ने चार्जशीट दाखिल की है. इस चार्जशीट में 5 नए लोगों को आरोपी बनाया गया है. इसमें शुभम सोनी, अनिल अग्रवाल, रोहित गुलाटी, भीम सिंह और असीम दास है. चार्जशीट में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नाम का भी जिक्र है. शुभम सोनी के बयान में भूपेश बघेल पर लगाए आरोपों के कारण उनका नाम सामने आया है. शुभम सोनी ने भूपेश पर 508 करोड़ लेने का आरोप लगाया था.

## 16000 फीट की ऊंचाई पर टूटा विमान का दरवाजा

**नई दिल्ली,6जनवरी।** अमेरिका में अलास्का एयरलाइंस के एक बोइंग विमान का दरवाजा टेक ऑफ करने के बाद आसमान में करीब 16000 फीट की ऊंचाई पर टूट कर गिर गया। इससे प्लेन में सवार सभी 177 लोगों की जान पर संकट आ गया। इनमें छह चालक दल के सदस्य थे। आपात स्थिति को देखते हुए विमान की पोर्टलैंड पर इमरेजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। अलास?का एयरलाइंस की फ्लाइट 1282 पोर्टलैंड इंटरनेशनल एयरपोर्ट से शाम को 4.52 बजे रवाना हुई थी लेकिन इस हादसे के बाद एयरक्राफ्ट को 5.30 बजे फिर से पोर्टलैंड एयरपोर्ट पर आपातलैंडिंग कराई गई। यात्रियों द्वारा लिए गए वीडियो से पता चलता है कि मध्य-केबिन निकास द्वार विमान से पूरी तरह से अलग होकर निकल गया था। अलास्का एयरलाइंस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पोर्टलैंड से ओन्टारियो, सीए (कैलिफ़ोर्निया) के लिए बोइंग 737-9 मैक्स उड़ान संख्या, स1282 को प्रस्थान के तुरंत बाद एक दुर्घटना से गुजरना पड़ा, जिसके बाद सभी 171 यात्रियों और चालक दल के 6 सदस्यों के साथ विमान की पोर्टलैंड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से आपातलैंडिग करनी पड़ी। हम जांच कर रहे हैं कि यह कैसे हुआ और जैसे ही यह उपलब्ध होगा हम उसकी जानकारी साझा करेंगे। इस घटना में शामिल बोइंग 737 मैक्स को 1 अक्टूबर, 2023 को अलास्का एयरलाइंस में शामिल किया गया था।



एक नजर



## नवीन मांडल आंगनबाड़ी केंद्र बाल मंदिर में दिखी स्वच्छता की झलक

कवर्धा, 6 जनवरी। नवीन मांडल आंगनबाड़ी केंद्र ( बाल मंदिर ) में बेहतर स्वच्छता दिखी । प्रांगण में झूला में झूलते हुए और फिसल पट्टी में बच्चे फिसलते हुए हुए दिखे । आंगन बाड़ी केंद्र को देखकर कहा जा सकता की पीएम मोदी का स्वच्छता अभियान की तस्वीर दिखती है । आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुलोचनी ठाकुर ने बताया की पचास बच्चे पढ़ाई करते है । आंगनबाड़ी केंद्र सुबह साढ़े नो बजे खुल जाती है और सुबह दस बजे से आंगनबाड़ी केंद्र मे पढ़ाई शुरू हो जाती है और दोपहर एक बजे बच्चो को भोजन कराया जाता है ।- खेल घर में बच्चे खेलते हुए हंसते दिखे और भोजन करते हुए बच्चो के चेहरे पर भी मुस्कराहट दिखी ।

## हत्याकांड के फरार मास्टर माइंड ने दुर्ग न्यायालय में सरेंडर किया

**भिलाई, 6 जनवरी।** भिलाई कांग्रेस नेता पप्पू यादव हत्याकांड का फरार मास्टर माइंड ने दुर्ग न्यायालय में सरेंडर किया है। आरोपी का नाम मंगल देवार है जो घटना के बाद से फरार था। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। अब इस घटना में सात आरोपी पकड़े जा चुके है। एक अब भी फरार होना बताया गया है। नेवई पुलिस ने अब तक हरीश साहू, अमन महार, करन उर्फ दादू देवार समेत अन्य तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया था मंगल फरार था न्यायालय में मंगल सरेंडर किया है। पुलिस ने इसका रिमांड लिया है गौरतलब हो कि नेवई थाना क्षेत्र में 25 नवंबर को पप्पू यादव पर प्राणघातक हमला करने आरोपी मौके से फरार हो गए थे पप्पू को गंभीर अवस्था में रायपुर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया था। उपचार के बाद उसकी मौत हो गई थी पुलिस ने तुरंत दो आरोपी हरीश साहू अमन किंग को गिरफ्तार और किया उसके बाद 4 को गिरफ्तार किया उसके बाद मंगल न्यायालय में सरेंडर किया है।

## जिला के नवपदस्थ कलेक्टर ने किया कार्यभार ग्रहण

**राजनांदगांव 6 जनवरी ।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज सुबह कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पूर्व कलेक्टर डोमन सिंह ने नवनियुक्त कलेक्टर संजय अग्रवाल को कार्यभार सौंपा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर संजय अग्रवाल वर्ष 2012 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। कार्यभार ग्रहण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ गिरिश रामटेके, एसडीएम डोंगरगांव अश्वन पुसाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के प्रवास की तैयारियों का कलेक्टर नम्रता गांधी ने लिया जायजा

**धमतरी, 6 जनवरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव का 6 जनवरी को धमतरी जिले के मगरलोड विकासखण्ड स्थित परसवानी का प्रवास प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज परसवानी पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर सुश्री गांधी ने कार्यक्रम स्थल, मुख्य मंच, हेलीपेड, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, बेरिकेटिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम कुरुद श्री सोनाल डेविड सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## चयनित अभ्यर्थियों को 8 जनवरी तक उपस्थित होने कहा गया

**धमतरी, 6 जनवरी ।** नगरी विकासखण्ड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में अस्थायी रूप से मानदेय पर अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिये गत दिनों वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया गया था। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि वॉक इन इंटरव्यू में चयनित अभ्यर्थियों की सूची वेबसाईट www.dhamtari.gov.in पर अपलोड की गई है। सहायक आयुक्त ने चयनित अभ्यर्थियों को 8 जनवरी तक पदांकित संस्था में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा है।

# लोगों के जीवन में खुशहाली लाना संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्यःरामकुमार भट्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 6 जनवरी।** मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी विकसित भारत संकल्प यात्रा सम्पूर्ण देश में नागरिकों के साथ संबंधों को बढ़ावा देने वाली एक परिवर्तन कारी राष्ट्रव्यापी अभियान बनकर उभरी है । यात्रा का उद्देश्य भारत सरकार की योजनाओं के बारे मे जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को विशेषकर ऐसे जरूरतमंद पात्र लोगों को जो योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं उन्हें योजनाओं के दायरे में लाकर अधिक से अधिक लाभान्वित करना है । उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का मुख्य उद्देश्य है । उक्त अभियान के तहत विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जनपद पंचायत कवर्धा के



ग्राम पंचायत बटुराकछार में किया गया ।इस कार्यक्रम में जिला पंचायत के पुर्व अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश चंद्रवंशी अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत कवर्धा ने की ,उक्त अवसर पर भट्ट ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के सम्बंध में जानकारी देते हुए ग्रामीणों को अवगत कराया और कहा कि माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है , इन योजनाओं के लाभ लेने के लिए नागरिकों को कई बार कार्यालयों में जाना पड़ता था लेकिन अब विकसित भारत यात्रा के माध्यम से स्वयं आपके पास पहुंच रहे हैं और पात्र हितग्राहियों से आवेदन लेकर भारत सरकार के उज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, फसल बीमा योजना, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसे अनेक लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित कर रहे हैं । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद पंचायत कवर्धा के अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी उपस्थित ग्राम वासियों को अवगत कराते हुए कहा कि भारत सरकार के द्वारा सबका साथ सबका विकास को लेकर प्रत्येक वर्ग के लिए जन हितकारी योजनाएं संचालित की जा रही है अतः आप से मेरा आग्रह है कि हर एक पात्र हितग्राही इसका लाभ अवश्य लेवें ।उक्त अवसर पर अतिथियों के द्वारा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया । उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संतोष वर्मा जनपद सदस्य कवर्धा, जगन्नाथ वर्मा मण्डल महामंत्री, रामलाल साहू पूर्व महामंत्री ,ग्राम पंचायत बटुराकछार के सरपंच, पंच गण तथा संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामवासी गण उपस्थित रहे ।



## विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

**भिलाई, 6 जनवरी।** दुर्ग जिला के भिलाई नगर में 3 से 5 जनवरी 2024 तक 17वीं पुरूष एवं 13वीं महिला फेडरेंशन कप राष्ट्रीय सायकल पोलो चैम्पियनशिप संपन्न हुआ। बीएसपी सायकल पोलो क्लब भिलाई और छत्तीसगढ़ सायकल पोलो एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में इंडियन आर्मी, टेरिटोरियल आर्मी, इंडियन एयरफोर्स सहित छत्तीसगढ़, केरला, वेस्ट बंगाल, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के 160 प्रतिभागी खिलाड़ी सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने करकमलों से विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये। मुख्य अतिथि विधानसभ अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने संक्षिप्त उद्बोधन में प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों का स्वागत व अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रतिभागी खिलाड़ी अपने प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए प्रदेश एवं देश का नाम रौशन करें। उन्होंने कहा कि सायकल पोलो खेल में खिलाड़ियों का भविष्य उज्जवल है। बीएसपी और सेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए हर संभव प्रयासरत् है। उन्होंने खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगिता आयोजन के लिए आयोजकों को साधुवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर अनिर्बान दास गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, प्रतिभागी खिलाड़ी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस संपन्न

**भिलाई, 6 जनवरी।** डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर-2 में बुधवार को वार्षिक खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में तापस दासगुप्ता, अध्यक्ष एलएमसी एवं सीजीएम प्रभारी (आयरन), उप क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार, सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ बी पी साहू, रवि भास्करन (प्रिंसिपल डीएवी

एसीसी जामुल), शिव प्रकाश ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। समवेत स्वर में राजगीत गाकर औपचारिक उद्घाटन समारोह के साथ दिन की शुरुआत हुई। स्कूल गायन समूह के बाद डीएवी गान प्रस्तुत किया गया। सम्मानित अतिथियों का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। खेल ध्वज फहराने के पश्चात चारों सदनों विरजानंद, हंसराज, दयानंद और श्रद्धानंद हाउस के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट किया जिसका सदन के कप्तानों ने नेतृत्व किया। उनकी टीम पूरे सम्मान और गरिमा के साथ सदन का झंडा थामे हुए थी। सभी प्रतिभागी और गैर-प्रतिभागियों ने निर्धारित खेल के सभी नियमों का पालन करने की शपथ ली। इसके बाद मशाल प्रज्वलित की गई, जहां मशाल धारकों, खेल चैंपियनों ने भाग लिया, उन्होंने ट्रैक पर



पूरी दौड़ लगाई और फिर अतिथियों को मशाल सौंपी। विशिष्ट अतिथि ने समारोह को संबोधित किया एवं छात्रों से आग्रह किया कि वे अच्छी चीजें सीखें जो खेल हमें सिखाते हैं। अपने जीवन भर उन गुणों को महत्व दें। उप क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी संस्थान सीजी जोन प्रशांत कुमार द्वारा खेल दिवस की आधिकारिक घोषणा की गई। नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक खेल आयोजनों की एक शानदार श्रृंखला देखी गई। खेल दिवस के विजेताओं को विशिष्ट अतिथियों द्वारा विजय मंच पर सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल मैडम प्रियंका शुक्ला ने अतिथियों के प्रति आभार और कृतज्ञता प्रकट करते हुए सम्मान का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। पुरस्कार वितरण समारोह के बाद प्रतिभागियों द्वारा जंबल्ड मार्च निकाला गया और ढोल की थाप के बीच पुराने जमाने की रन फॉर फ्रीडम की मनमोहक धुन प्रस्तुत की गयी। पीई संकाय द्वारा खेल ध्वज को उतारा गया और उसके बाद प्रतीक मशाल को बाहर निकाला गया। सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ बी पी साहू द्वारा खेल प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की गई।

## मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन में इलेक्शन सीजर्स मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग किए जाने के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग के संचालक पंकज तथा संतोष पथारिया द्वारा प्रशिक्षण देते हुए बताया गया कि एफएसटी तथा एसएसटी टीम द्वारा ईएसएमएस एप्प में पकड़े गए नगद राशि, शराब, ड्रग्स तथा अन्य उपहार सामग्रियां की प्रविष्टि की जाएगी। जिसे संबंधित जिले के नोडल अधिकारी द्वारा सीज करने की कार्यवाही की जाएगी तथा संबंधित एजेंसी को भी इसकी सूचना दी जाएगी।

इस एप्प में प्रविष्ट किए गए सामग्रियों और राशि की मात्रा में परीक्षण पश्चात कमी की जा सकती है। परंतु, वृद्धि नहीं की जा सकती। प्रशिक्षण में बताया गया कि इस एप्प के माध्यम से प्रतिबंधित वस्तुओं को सीज करने की प्रक्रिया आसान हो गई है।

## नगर निगम के नये आयुक्त ध्रुव ने किया पदभार ग्रहण

**भिलाई, 6 जनवरी।** भिलाई नगर पालिक निगम के नये आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने शुक्रवार को अपना कार्यभार ग्रहण किये। उन्होंने



आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर पश्चात निगम सभागार में सभी जोन आयुक्त एवं विभाग प्रमुखों के साथ बैठक कर परिचय प्राप्त किये और विभागीय कार्यो से अवगत हुए और कहा कि हम सब का उद्देश्य शासन के कार्यों को समय सीमा में नियमानुसार और व्यवस्थित रूप से सम्पादन करना होगा। कार्य को पूरा करने में कोई समस्या आती.है तो उसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को देवे। निगम के अधिकारी कर्मचारी अनुशासन में रहकर टीम भावना से कार्य करें। जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करें। आयुक्त ध्रुव बैठक के बाद मुख्य कार्यालय के सभी विभागों का निरीक्षण कर विभागों में होने वाले कार्य की बारियो को समझे और कार्यालयीन व्यवस्था को देखा तथा आवश्यक निर्देश दिए।

# कर्मचारी कांग्रेस के पदाधिकारियों ने नव पदस्थ आयुक्त ध्रुव से की मुलाकात



**भिलाई, 6 जनवरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ नगर पालिक निगम भिलाई के प्रवक्ता एवं महासचिव संजय शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारी कांग्रेस के पदाधिकारियों ने नगर पालिक निगम के नए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव से सौजन्य मुलाकात की।

इस दौरान पदाधिकारियों ने आयुक्त को बताया कि पूर्व में में राज्य शासन द्वारा वित्तीय समस्याओं को देखते हुए सीधी नियुक्ति के पदों पर स्टापंड वेतन 70 प्रतिशत 80 प्रतिशत 90 प्रतिशत कटौती कर भुगतान किये जाने हेतु आदेश जारी किया गया था। जिसे शासन द्वारा 12.9.23 को बंद कर दिया गया है। जिसकी दुर्ग दुर्ग नगर पालिक निगम एवं राजनांदगांव नगर पालिक निगम का पत्र स्थापना शाखा में प्रस्तुत किया जा चुका है। नया आदेश 27.12.23 को प्रशासकीय अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल नया रायपुर का अवलोकन के लिए देते हुए अनुरोध किया है कि जा रही कटौती स्टायपेंड वेतन की सितम्बर 23 से शासन के आदेश के कारन बंद कर दी गयी है अतः निगम भिलाई में भी बंद कर सितम्बर माह की काटी गयी राशि को कर्मचारियों को वापिस करने की कृपा करेंगे।

# पुरूष - महिला फेडरेशन कप नेशनल सायकल पोलो चौम्पियनशिप भिलाई में संपन्न

**दुर्ग, 6 जनवरी ।** दुर्ग जिला के भिलाई नगर में 3 से 5 जनवरी 2024 तक 17वीं पुरूष एवं 13वीं महिला फेडरेंशन कप राष्टीय सायकल पोलो चौम्पियनशिप संपन्न हुआ। बीएसपी सायकल पोलो क्लब भिलाई और छत्तीसगढ़ सायकल पोलो एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में इंडियन आर्मी, टेरिटोरियल आर्मी, इंडियन एयरफोर्स सहित छत्तीसगढ़, केरला, वेस्ट बंगाल, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के 160 प्रतिभागी खिलाड़ी सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने करकमलों से विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये। मुख्य अतिथि विधानसभ अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने संक्षिप्त उद्बोधन में प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों का स्वागत व अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रतिभागी खिलाड़ी अपने प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए प्रदेश एवं देश का नाम रौशन करें। उन्होंने कहा कि




सायकल पोलो खेल में खिलाड़ियों का भविष्य उज्जवल है। बीएसपी और सेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए हर संभव प्रयासरत् है। उन्होंने खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगिता आयोजन के लिए आयोजकों को साधुवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में नगर निगम भिलाई के महापौर श्री नीरज पाल, भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर श्री अनिर्बान दास गुप्ता, पूर्व विधायक श्री लाभचंद बाफना सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, प्रतिभागी खिलाड़ी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## दस लापता बच्चों को पुलिस ने बरामद किया

**भिलाई, 6 जनवरी।** भिलाई मुस्कान अभियान के तहत पुलिस ने 10 लापता बच्चों को बरामद किया है पुलिस ने सात लापता बच्चों को बरामद किया वहीं सप्ताहभर में कुल 10 बच्चों को बरामद किया गया बच्चों के लापता होने की शिकायत मिलने पर पुलिस ने अपहरण की आशंका की धारा के तहत प्राथमिकी की थी उनके बारे में पतासाजी की और बच्चों को बरामद किया बरामद बच्चों को उनके परिवार वालों को सौंपा गया है।

# आर्थराइटिस का उपचार संभव, जेएलएन हॉस्पिटल में सुविधाएं उपलब्ध

**भिलाई, 6 जनवरी।** चिकित्सा विज्ञान में नित नई खोजें हो रही है। जिन व्याधियों को कुछ समय पहले असाध्य या प्राणघातक माना जाता था, वे आज सामान्य सर्दी-जुकाम की तरह सहज उपचार योग्य हो गई हैं। इन्हीं में से एक है आर्थराइटिस, इसी विषय पर भिलाई इस्पात संयंत्र के पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र में, विश्व आर्थराइटिस दिवस मनाया गया था। जिसका उद्देश्य, लोगों में ऑर्थराइटिस के प्रति जागरूकता लाना व इससे जुड़े मिथकों को दूर करना था। सेक्टर-9 स्थित, पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र में, ऑर्थराइटिस के इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक, परामर्श, मार्गदर्शन सहित विशेष सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यहाँ चिकित्सकों ने बताया कि आर्थराइटिस, को आप आसानी से सही दवा, व्यायाम, उचित जीवनशैली, स्वास्थ्यवर्धक पोषक आहार, शारीरिक वजन पर नियंत्रण, सही समय पर उपचार, चिकित्सकीय मार्गदर्शन और उचित प्रबंधन से ना केवल काफी हद तक नियंत्रित कर सकते हैं, बल्कि पूरी तरह ठीक भी कर सकते हैं। कुछ विशेष प्रकरणों में यदि आवश्यक हो तो शल्य चिकित्सा के द्वारा, इस पर पूरी तरह से नियंत्रण रखा जा सकता है। संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय में इसके शुरुआती और बेहद महत्वपूर्ण संकेत के बारे में बताया गया, ताकि अगर आपको या आपके आसपास किसी को ये बीमारी हो, तो उसे पहले ही नियंत्रित किया जा सके।

आइए जानें आर्थराइटिस के बारे में- अर्थराइटिस होने पर मरीजो को घुटनों, एड़ियों, पीठ, कलाई या गर्दन के जोड़ों में दर्द या सूजन और अकड़न की शिकायत रहती है। अर्थराइटिस हड्डियों में होने वाली एक समस्या है, जिसका खतरा उम्र बढ़ने के साथ बढ़ता ही चला जाता है। आंकड़ों की मानें, तो भारत में 15 प्रतिशत से अधिक आर्थराईटिस के रोगी पाए जाते है। रिसर्च में ये पाया गया, कि पुरूषों की तुलना में महिलाओं में इस रोग के लक्षण ज्यादा देखने का मिलते हैं। मोटापा, यूरिक एसिड का बढ़ना भी इसका एक कारण है। इस बीमारी से बचने के लिए जरूरी है कि इसके शुरुआती लक्षणों का पता लगाकर पहले ही इसका इलाज शुरू कर दिया जाए।

**आर्थराइटिस के प्रकारः-** वैसे तो आर्थराइटिस के कई प्रकार हैं जैसे- ऑस्टियो, रूमेटाइड, स्पॉण्डिलो, वायरल, गाउट, सेप्टिक, एंकीलोज़िंग स्पॉण्डिलाइटिस, सोरियाटिक आर्थराइटिस आदि। अलग-अलग प्रकार की आर्थराइटिस का इलाज भी अलग-अलग प्रकार से किया जाता है। जो, प्रभावित व्यक्ति की उम्र, समस्या की तीव्रता, आर्थराइटिस का प्रकार, लक्षण एवं अन्य चिकित्सकीय घटकों पर निर्भर करता है। आमतौर पर मरीजों को दो तरह के अर्थराइटिस का सामना करना पड़ता है- ऑस्टियो आर्थराइटिस और रूमेटाइड अर्थराइटिस।

**ऑस्टियो आर्थराइटिस :-**ये आर्थराइटिस का सबसे आम प्रकार है, इससे जोड़ों में दर्द और सूजन के साथ-साथ उनके हिलनेङ्कडुलने की गति में भी कमी आ जाती है। ऑस्टियो आर्थराइटिस, जोड़ों के कार्टिलेज को क्षतिग्रस्त कर देता है। जिसके प्रमुख कारण उम्र, जोड़ों में ज़ख्म, मोटापा, आरामदायक जीवन शैली, बीमारी का आनुवंशिक होना है। इससे बचने के लिए बॉडी मास इंडेक्स को संतुलित बनाये रखें, नियमित व्यायाम, योग अभ्यास करें, कम से कम दो लीटर पानी रोजाना पियें, शरीर में कैल्शियम की मात्रा पर ध्यान दें, दूध, पनीर और दही का सेवन करें तथा आवश्यकता पड़ने पर डाइटीशियन से परामर्श लें । रुमेटॉइड आर्थराइटिस- रूमेटाइड अर्थराइटिस एक ऑटोइम्यून बीमारी है। जिसमें इम्यून सिस्टम शरीर की स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगता है, जो जोड़ों में दर्द, सूजन और जकड़न का कारण बनती है, इसके आसपास गर्म होने के साथ सूजन भी हो जाता है। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में रुमेटाइड अर्थराइटिस का खतरा अधिक देखा गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 75त्न मरीजों में, 30-50 वर्ष की आयु की महिलाएं पाई गई हैं। इसके लिए सामान्यतः फिजियोथेरेपी से लचीलेपन के स्तर को बढ़ा सकते हैं या नॉन स्टेरॉयडल एंटी इंफ्लेमेटरी ड्रग या डीएमएआरडी का उपयोग कर सकते हैं। अर्थराइटिस से बचने के लिए कुछ सावधानियां- जमीन पर या नीचे रखी हुई कोई भी चीज उठाते समय घुटनों को मोड़कर तथा कमर को सीधा रखकर उठाएँ। आवश्यकता पड़ने पर हाथ में लकड़ी या छड़ी लेकर चलें। वज़न नियंत्रित रखें, वज़न कम करने पर आर्थराइटिस होने का जोखिम भी लगभग 50 प्रतिशत तक कम हो सकता है। खाना खाते समय हमेशा कुर्सी पर बैठकर खाएँ। वेस्टर्न पद्धति के टॉयलेट का उपयोग करें। गर्दन, पीठ और घुटनों की सुरक्षा के लिए बैठने उठने का सही तरीका अपनाएँ। स्वस्थ संतुलित भोजन करें, जिससे आपको सभी आवश्यक विटामिन और मिनरल्स मिलें। कैल्शियम, आयरन और एंटी-ऑक्सीडेन्ट्स से भरपूर ताज़े फल और सब्ज़ियाँ खाए जैसे गाजर, टमाटर, चुकंदर और ब्रोकली आदि। शरीर को साफ-स्वच्छ रखने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पिएँ। उपरोक्त बिन्दुओं का समुचित ध्यान रखने से, आर्थराइटिस से प्रभावित व्यक्ति सामान्य जीवन व्यतीत कर सकते हैं।

## पोड़ी चौकी प्रभारी की सक्रियता से सट्टा लिखते हुए पकड़ाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 6 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा नशे के रोकथाम तथा सभी प्रकार के अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, अनुविभागीय अधिकारी संजय तिवारी एवम् थाना प्रभारी बोडला 1ठ्ठ चुरेंद्र के मार्गदर्शन में, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक त्रिलोक प्रधान के नेतृत्व में पोड़ी पुलिस टीम द्वारा अंक गणित के अंकों पर दांव लगाकर सट्टा पट्टी लिखते रियाजुद्दीन उर्फ गोलू पिता जोहीयूद्दीन उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम पौड़ी को एक नग सट्टा पट्टी तथा सट्टे की नगदी रकम 550 रुपए को आरोपी के कब्जे से जप्त कर उक्त आरोपी को छत्तीसगढ़ युवा प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है रेड रेट कार्रवाई में रेड कार्यवाही में ड्डह्वद्व राजकुमार चंद्रवंशी प्रधान आरक्षक लोकेश खरे प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश प्रधान आरक्षित बलदाऊ सत्यवंशी रेमन चंद्रवंशी एवम रामझूल धुर्वे महिला आरक्षक हुलसी उपस्थित रहे।

एक नजर

## नियमितीकरण करने लोकसभा चुनाव से पहले बने कमेटी: हारुन मानिकपुरी

**छूरिया 6 जनवरी।** छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन



मानिकपुरी ने कहा कि नियमितीकरण लोकसभा चुनाव से पहले बने कमेटी प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद पूरे प्रदेश में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी, संविदा कर्मचारी सहित सभी संगठनों के कर्मचारियों की उम्मीद बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने बताया कि प्रदेश के शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, संविदा कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी विगत कई वर्षों से नियमितीकरण और स्थाईकरण की मांग करते आ रहे हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा नियमितीकरण करने घोषणा पत्र जारी भी किया गया था। किंतु भूपेश बघेल की सरकार बनने पर पूरी पांच साल में नियमितीकरण पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, संविदा कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी संघ, लगातार अपनी मांगों को शासन प्रशासन तक हड़ताल, रैली, समाचार पत्रों के माध्यम से पहुंचाते रहे किन्तु भूपेश सरकार द्वारा नियमितीकरण पर कोई निर्णय नहीं लिया।

## पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग ने की रात्रि गश्त की जांच



**राजनांदगांव 6 जनवरी।** 4 जनवरी की रात्रि पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा स्वयं रात्रि 02:00 बजे शहर के विभिन्न चौक चौराहों में पहुंच कर रात्रि गश्त ड्यूटी में तैनात जोनल प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, गश्ती टीम एवं स्टेटिक प्वाइंट के जवानों को चेक कर ब्रीफ किया गया। उनके द्वारा जवानों की हौसलाअफजायी करते हुए उन्हें ठंढ़ में भी अच्छे से व सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने व चौक चौराहों एवं गली मोहलों में गश्त करते रहने और रात्रि में घुमने वाले व्यक्तियों से पूछताछ कर संदिग्ध पाये जाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

## भैसबोड़ में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण कथा 7 जनवरी से



**कुरुद 6 जनवरी।** ग्राम भैसबोड़ में समस्त ग्रामवासी एवं गायत्री परिवार द्वारा 7 जनवरी से 10 जनवरी तक 05 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रज्ञापुराण वाचक शांति कुंज के ऋषि पुत्र के द्वारा किया जायेगा।

## लोकसभा चुनाव में जनता मोदी सरकार से छुटकारा पायेगी

**रायपुर 6 जनवरी।** भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर किये गये दावो पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में जनता मोदी सरकार से छुटकारा पाने मतदान करेगी। भाजपा मुगालते में है कि राज्य में विधानसभा चुनावों की पुनरावृत्ति होने वाली है। प्रदेश की जनता जानना चाहती है कि 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और नरेन्द्र मोदी ने जो वायदे देश की जनता से किया था उन वायदों का क्या हुआ? मोदी सरकार के 10 वर्ष भाजपा की वायदा खिलाफी के स्मारक के रूप में याद किये जायेंगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी ने वायदा किया था अच्छे दिन आयेंगे मोदी के जाने के दिन आ गये लेकिन अच्छे दिन नहीं आये। विदेश से कालाधन लाने का वायदा किया। विजय माल्या, ललित मोदी, नीरव मोदी सरकार की मिलीभगत से देश का धन लेकर हुये फरार हो गये, मोदी सरकार देखती रह गयी। विदेशों से कालाधान नही आया। हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख आने का वादा कर वोट ले लिया 15 लाख की बात तो दूर एक पैसा नहीं आया।

## कैट ने पीएम मोदी से ई-कॉमर्स नीति और नियम लागू करने किया आग्रह

**रायपुर 6 जनवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को भेजे एक पत्र में ई-कॉमर्स नीति और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत नियमों को शीघ्र लागू करने का अनुरोध किया है। कैट ने कुछ मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि ÷यह पता चला है कि ई-कॉमर्स नीति और नियम दोनों प्रधानमंत्री श्री मोदी की अप्रूवल के लिये लंबित है और इसलिए देश भर के व्यापारी श्री मोदी के अप्रूवल किए जाने का इंतज़ार कर रहे हैं जो व्यापार और देश के व्यापक हित में आवश्यक है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी और प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था पर ई-कॉमर्स के परिवर्तनकारी प्रभाव को पहचानते हुए, हमारा मानना है कि एक व्यापक और अच्छी तरह से संरचित नीति जरूरी है जो निश्चित रूप से ई कॉमर्स की प्रमुख कंपनियों द्वारा बनाए गए असमान स्तर के खेल को खत्म कर देगी जिससे देश का आम व्यापारी भी ई-कॉमर्स का लाभ उठा सकेगा। श्री पारवानी और श्री दोशी ने कहा कि ई-कॉमर्स नीति के त्वरित कार्यान्वयन से न केवल बहुत जरूरी नियामक स्पष्टता मिलेगी बल्कि एक निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल को भी बढ़ावा मिलेगा।

# बृजमोहन अग्रवाल ने एनटीपीसी राष्ट्रीय सब जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**रायपुर, 8 जनवरी।** शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन द्वारा आयोजित 40वीं एनटीपीसी राष्ट्रीय सब जूनियर का प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। श्री अग्रवाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में खेल और खिलाड़ियों के एक बार फिर से अच्छे दिन आने वाले हैं। राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कवायद शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान मिलेगी। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ ने पूरी दुनिया में अपना परचम लहराया है। राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने राज्य में खेलों के विकास के लिए हर संभव मदद की बात कही। श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा,





जिससे वे खेलों में छत्तीसगढ़ का नाम रौशन कर सकें। उन्होंने इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से लगभग 1000 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष श्री कैलाश मुरारका, संघ के सदस्य, खेल प्रशिक्षक, मैनेजर, विभिन्न राज्य से आए हुए खिलाड़ी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संतों का आशीर्वाद पाकर अभिभूत हुए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज अखिल भारतीय संत समिति के उपाध्यक्ष आचार्य राकेश कुमार जी के नेतृत्व में पहुना में पधारे महामण्डलेश्वर सर्वेश्वर दास जी, महंत त्रिवेणी दास जी, महंत दिव्यकांत दास जी, महंत राधेश्याम दास जी, महंत श्याम सुंदर दास जी, महंत नंदाचार्य जी, महंत विवेक गिरी जी, महंत सीताराम दास जी, महंत राम रूप दास जी का आशीर्वाद पाकर खुशी से अभिभूत हो गए। मुख्यमंत्री ने संतगणों के दर्शन और उनसे प्राप्त आशीर्वाद को अपना सौभाग्य बताते हुए कहा कि यह पल मेरे लिए बेहद प्रसन्नता का पल है।



# अंबेडकर चौक पर रेप के आरोपी बीजेपी पदाधिकारी का एनएसयूआई ने फूंका पुतला

**रायपुर 6 जनवरी।** आईआईटी बीएचयू वाराणसी की छात्रा से गैंगरेप के आरोपी 60 दिन बाद गिरिफ्तार एनएसयूआई के प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल के नेतृत्व में शुक्रवार को अंबेडकर चौक में बीजेपी पदाधिकारी आरोपी को फासी दिया गया फूका पुतला एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने कई घंटो तक जम कर नारे बाजी किया और देश के महिलाओ बेटी को सुरक्षित करने को कहा । एनएसयूआई ने लगातार देश के महिलाओ बेटी के अपमान करने का आरोप लगाते हुए बीजेपी मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल का कहना है देश के प्रधानमंत्री जी के लोकसभा क्षेत्र वाराणसी में आईआईटी बीएचयू के छात्रा के साथ गैंग रेप करने वाले बीजेपी के तीन नेता को पकड़ने में यूपी पुलिस 60दिन लगा देती है? ऐसी ही देश के अनेक बेटियो का शोषण भाजपा के कार्यकर्ता लगातार करते आ रही है पिछले दिनों चाहे खिलाड़ियों की बात करें या आम जनता की योगी आदित्यनाथ के राज्य में गुंडाराज और अपराधियों को संरक्षण देना छात्रा का अपमान रेप जैसे



मामलों पर लेट लतीफी एनएसयूआई नही सहेंगी तीनों आरोपियों कुणाल पांडेय, आनंद उर्फ अभिषेक चौहान और सक्षम पटेल को फांसी देने की मांग को लेकर एनएसयूआई बीजेपी अपराधियों को फांसी में लटकाया गया फांसी के मांग को लेकर पुतला भी दहन किया गया । प्रदर्शन में मोनू तिवारी , कुणाल दुबे ,पुनेश्वर लहरे, गावेश साहू , अनुज शुक्ला , रजत ठाकुर , विकास पांडे, तनिष्क मिश्रा,अंकित बंजारे हिमांशु आदि मौजूद रहे ।



# पुलिस अधीक्षक ने जिले के नक्सल प्रभावित थाना, चौकी एवं बेस कैंप का किया गया भ्रमण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 जनवरी।** 5 जनवरी को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा थाना बागनदी के नक्सल प्रभावित ग्राम सीतागोटा से थाना बोरतलाव होते हुए घोर नक्सल प्रभावित ज्वाइन्ट कैम्प मुरकुटडोह थाना साल्हेकसा, जिला गोंदिया पहुंचे जहां ज्वाइन्ट ऑपरेशन हेतु तैनात जिला राजनांदगांव, जिला एम.एम.सी. (छत्तीसगढ़), जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) एवं हॉक फोर्स जिला बालाघाट के अधिकारियों/कर्मचारियों से रूबरू होकर उनका हौसलाअफजाई किये और उनका हाल जाना और समस्या पूछी इस दौरान उनके द्वारा कैम्प मुरकुटडोह पुलिस कैम्प भवन, मोर्चा, मेस और शस्त्रागार का निरीक्षण किया गया। वहां उपस्थित अधिकारियों से एन्टी नक्सल ऑपरेशन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान एस.डी.ओ.पी. आमगांव, एस.डी.ओ.पी. डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम, डी.एस.पी. ऑप्स श्री अजीत ओगरे थाना प्रभारी बोरतलाव एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थि थे। तत्पश्चात मुरकुटडोह से मोटरसायकल पार्टी तैयार कर घने जंगली रास्तों से घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम कटेमा गये और वहां उपस्थित आई.टी.बी.पी. एवं जिला बल के अधिकारियों व कर्मचारियों से नक्सल गतिविधियों



एवं नक्सल विरोधी अभियान के संबंध में चर्चा की गई। उसके बाद मोटरसायकल से भ्रमण करते हुए पुलिस चौकी मोहारा पहुंचे जहां पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण किये और वहा की साफसफाई जवानों के वेशभूषा को देखे, सस्त्रागार, रिकार्ड रूम का निरीक्षण किये पुलिस चौकी में आने वाले फरियादियों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए विशेष ध्यान रखने हेतु समझाईस दिये और जवानों को सरहदी थानों से समन्वय स्थापित कर नक्सल ऑपरेशन को तेज करने कहा गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक थाना डोंगरगढ़ होते हुए वापस राजनांदगांव मुख्यालय पहुंचे। इस भ्रमण के दौरान उनके साथ एस.डी.ओ.पी. ऑमगांव, एस.डी.ओ.पी. डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम, डी.एस.पी. ऑप्स श्री अजीत ओगरे, डी.आर.जी. का बल एवं थाना प्रभारी बोरतलाव, प्रभारी ज्वाइन्ट कैम्प मुरकुटडोह, प्रभारी ओ.पी. मोहारा उपस्थित थे।

## निगम स्वामित्व की दुकानों की नीलामी, प्रीमियम, अनुबंध व किराया से भोजानी का कोई संबंध नहीं

**राजनांदगांव 6 जनवरी।** नगर निगम में निगम सीमातंर्गत निर्मित व्यवसायिक परिसर के दुकानों के नीलामी, प्रिमियम तथा किराया के संबंध में आज श्री मयूर भोजानी द्वारा आत्मदाह की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया गया, जो कि निराधार है। उल्लेखनीय है कि श्री मयूर भोजानी द्वारा जिन दुकानों की बात की जा रही है, उसमें से कोई भी दुकान उनके नाम से नहीं है, बल्कि उन दुकानों में से टाका घर व्यवसायिक परिसर की दुकान क्रं. जी-12 नीलामी के माध्यम से श्री विकास शर्मा के नाम से आबंटित था तथा दुकान क्रं. एफ-12 (अनुसुचित जाति) नीलामी के माध्यम से श्री राकेश खोब्रागढे आ. श्री जोहन लाल के नाम पर आबंटित था जिनके द्वारा प्रिमियम राशि जमा नहीं करने पर 2018 में तत्कालीन आयुक्त द्वारा निरस्तिकरण की कार्यवाही की गयी, जिसकी पुनः नीलामी की प्रक्रिया की जा रही है। इसी प्रकार निगम स्वामित की दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर की दुकान क्रं. 3 नीलामी के माध्यम से श्री हरीश सोनछत्रा के नाम पर आबंटित है, जिसे बोलीकर्ता द्वारा राशि 42.00 लाख रूपये में लिया गया है, जिसमें 13.00 लाख रूपये श्री सोनछत्रा के द्वारा जमा किया गया है शेष राशि जमा करने उन्हें 5 बार नोटिस दिया गया है। रेल्वे स्टेशन व्यवसायिक परिसर के भूतल में अनुसुचित जाति वर्ग की दुकान जो नीलामी के माध्यम से श्री पंकज बारमाते के नाम से आबंटित है, इन्होंने एक ही किश्त जमा किये है, जिन्हें शेष राशि जमा करने अनेकों नोटिस दिया गया है। इस प्रकार श्री मयूर भोजानी द्वारा जिन दुकानों के संबंध में बात की जा रही है वह उससे उनका कोई संबंध नहीं है और उपरोक्त दुकानों के लिये संबंधित को नोटिस देकर कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा निगम सीमाक्षेत्र में निर्मित व्यवसायिक परिसरों के दुकानों की प्रिमियम, अनुबंध व किराये के लिये संबंधितों को नोटिस जारी किया जा रहा है, नोटिस उपरांत कार्यवाही की जा रही है। साथ ही जिन दुकानों का लीज नवीनीकरण नहीं हुई उन दुकानों की कार्यवाही भी की जा रही है।

# कट्टे की नोंक पर जेवर की लूट,कैमरे में नजर आए दो आरोपी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरुद 6 जनवरी।** भखारा में कट्टे की नोंक पर ढाई लाख रुपए के जेवर लूटने का मामला सामने आया है। सराफा व्यापारी ने इसकी शिकायत थाने में की है।पुलिस सूत्रों के अनुसार नगर पंचायत भखारा बाजार स्थित राधा कृष्ण मंदिर के सामने दुर्गा ज्वेलर्स में बुधवार की देर शाम 7 बजे बाइक सवार एक युवक-युवती पहुंचे। दुकान में युवक ने ज्वेलर्स को कट्टा दिखाया और युवती वहां रखे 2.50 लाख रुपए कीमत के रानी हार को लेकर भाग निकली। ज्वेलर्स संचालक जस्सू सोनी ने बताया कि युवक-युवती दोनों दुकान में आए और रानी हार दिखाने को कहा। जैसे ही उन्होंने हार दिखाया तो युवक ने सामने कट्टा तान दिया। इधर साथ आई युवती हार लेकर भाग निकली। इसके बाद युवक भी भाग गया। उन्होंने कुर्सी उठाकर दौड़ाते हुए उसे रोकने की कोशिश की,पर दोनों गली से होते हुए साहू भवन की ओर से भाग



निकले। व्यापारी ने बताया कि रानीहार का वजन लगभग 35 ग्राम था।

**पुलिस जांच में जुटी :** थाना प्रभारी शरद ताम्रकार ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला,तो आरोपी नजर आ रहे है। दुकान में चार रानी हार सेट रखे थे। एक को आरोपी ले गए। वहीं तीन अन्य हार की जांच कराए तो वह आर्टिफिशियल निकला। फिलहाल,चौथा हार जिसे आरोपी ले गए,वह सोने की है या आर्टिफिशियल इसकी जांच करा रहे हैं।

**फिल्मी स्टाइल में लूट :** सीसी कैमरे में एक महिला और पुरूष नजर आ रहे हैं। दोनों फिल्मी स्टाइल में दुकान में प्रवेश किए और हार लेकर निकल गए। आरोपियों ने बंटी-बबली की तर्ज पर इस घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल हमारे संवाददाता को विशेष सूत्रों से पता चला है कि आरोपी द्वारा लेकर गए जेवर आर्टिफिशियल है लेकिन इस पर पुलिस की किसी भी प्रकार से कोई अधिकारिक पुष्टि नही है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है!

## लुई ब्रेल की जयंती पर संस्कार श्रद्धांजलि का आयोजन

# विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह के हाथों दृष्टिहीन महासम्मेलन संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 जनवरी।** सर लुई ब्रेल की 216वी जयंती के अवसर पर संस्कार श्रद्धांजलि द्वारा आयोजित अखिल भारतीय दृष्टिहीन महासम्मेलन का समापन विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के हाथो संपन्न हुआ। इस अवसर डॉ सिंह ने सर लुई ब्रेल के प्रेरणादायक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दो वर्ष की आयु में ब्रेल की आंखे एक चमड़े बनाने के औजार ने छीन ली थी ब्रेल ने उसी औजार से ब्रेल लिपि का अविष्कार कर आज पूरी दुनिया के दृष्टिहीनों के जीवन को रोशन कर दिया। ऐसा व्यक्तिव हम सब के लिए प्रेरणादाई है। उन्होंने संस्कार श्रद्धांजलि संस्था की सराहना करते हुए सतीश भट्टड व उनकी टीम को बधाई देते कहा कि राजनांदगांव की सामाजिक संस्थाओ द्वारा जो काम किए



जा रहे हैं , वैसा काम पूरे प्रदेश के किसी अन्य शहर में नही होता। मैं राज्य के बाहर कही भी जाता हूं तो यहां दिव्यांगजनो के लिए किए गए सेवा कार्यो का उल्लेख करता हूं। उन्होंने संस्कार श्रद्धांजलि द्वारा दिव्यांगजनों के पेंशन भत्ते बढ़ाने सहित उनके लिए सभी महत्वपूर्ण मांग को विधानसभा अध्यक्ष होने के नाते मुख्यमंत्री व इससे संबंधित मंत्री के समक्ष रख कर शीघ्र निराकरण करवाने का आश्वासन दिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने ब्रेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस आयोजन में वे 2006से लगातार आ रहे हैं। संस्था द्वारा दिव्यांग भाई - बहनों के लिए बहुत ही नेक व सराहनीय कार्य किया जा रहा है। आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजेताओं के साथ ही समाज में विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मक कार्य करने वाले समाजसेवी अर्जुन वाधवानी, सामाजिक संगठनों को विशेष मार्गदर्शन हेतु एजाज सिद्धिकी , पशु पक्षियों के जीवन संरक्षण हेतु नवजीतसिंह भाटिया , अनाथ व निर्धन बच्चो के उच्च शिक्षा में सहयोग के लिए रूपम सोनक्षत्रा, दृष्टिबाधित बच्चो को उच्च शिक्षा में सहयोग के लिए दृष्टिहीन व्याख्याता जागेश्वरप्रसाद वर्मा को डॉ रमन सिंह द्वारा सम्मान्नित किया गया। आयोजन में विवाह परिचय सम्मेलन में कुछ रिश्ते तय हुए हैं जिसे आगामी समय में संस्था द्वारा परिणय सूत्र में बांधा जायेगा। इस दौरान दो जनवरी से लेकर पांच जनवरी तक रेलवे स्टेशन बस स्टेशन से दृष्टिहीन लोगो के आवागमन हेतु परिवहन सुविधा पुलिस विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई। आयोजन में युगांतर पब्लिक स्कूल द्वारा सभी 150 दिव्यांगजनों को स्वेटर, सीआरसी सेंटर द्वारा पांच बच्चो को आधुनिक मोबाइल ब्रेल किट, स्मार्ट केन, भानुप्रतापपुर के रमेश राठी द्वारा पिछले आठ वर्षो से लगातार इस वर्ष भी उच्च शिक्षा हेतु हेड फोन, श्री किड्स कोरियन मार्शल आर्ट द्वारा ब्रेल टाइपिंग मशीन का वितरण किया गया।

समाचार संक्षेप

## अपराधों पर अंकुश लगाने 2 शिफ्ट में शहर पेट्रोलिंग





**राजनांदगांव 6 जनवरी।** 4 जनवरी को पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा के नेतृत्व में रक्षित केंद्र राजनांदगांव से 08 मोटरसायकलों में 16 जवानों की टीम अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए 02 सीफ्ट में शहर के थाना कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, ओपी चिखली क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों, गली-मोहल्लों, और संदिग्ध इलाकों में पेट्रोलिंग कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर उन्हें चेक करेगी, गुंडा बदमाश निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों पर सतत् निगाह रखते हुये शहर के सुनसान जगहों पर जहां असमाजिक तत्वों द्वारा शराब, गांजा, नशीले पदार्थ का सेवन करने के संभावित इलाकों में भ्रमण कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करेगी साथ ही चोरी, चेन स्नेचिंग, एक्सीडेन्ट आदि घटनों की रोकथाम हेतु तत्पर रहेगी। राजनांदगांव शहर में किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 100 नम्बर या 112 नम्बर पर डायल कर सूचित करें, पुलिस कन्ट्रोल रूम द्वारा भी घटना स्थल पर मोटरसायकल टीम भेजकर पुलिस सहायता प्रदान की जावेगी।

## राष्ट्रीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता, मेजबान छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने कर्नाटक को हराया

**राजनांदगांव 6 जनवरी।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा संचालित व स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालिका 17 वर्ष बॉस्केटबॉल में मेजबान छत्तीसगढ़ ने कर्नाटक को 21 के मुकाबले 36 अंको से पराजित किया। संस्कारधानी राजनांदगांव के सांई सेंटर, दिग्विजय स्टेडियम के 5 कोर्ट में खेले जा रहे 14 वर्ष बालक वर्ग बॉस्केटबॉल में सीबीएसई ने हरियाणा को, मध्यप्रदेश ने पश्चिम बंगाल को, पंजाब ने आईपीएससी को, सीआईएससीई ने जम्मू एण्ड कश्मीर को, केन्द्रीय विद्यालय ने केरल को, गुजरात ने कर्नाटक को, हिमाचल प्रदेश ने एनवीएस को, तमिलनाडू ने उत्तराखण्ड को, राजस्थान ने महाराष्ट्र को, पंजाब ने जम्मू एण्ड कश्मीर को, सीआईएससीई ने आईपीएससी को, तेलगांना ने केरल को, नवोदय विद्यालय ने कर्नाटक को पराजित करते हुए 2-2 अंक प्राप्त किये। प्रतियोगिता के तहत 17 वर्ष बालिका बॉस्केटबॉल वर्ग में चण्डीगढ़ ने दिल्ली को, सीआईएससीई ने आंध्रप्रदेश को, उत्तराखण्ड ने बिहार को, मेजबान छत्तीसगढ़ ने कर्नाटक को, हरियाणा ने तेलगांना को, पंजाब ने केवीएस को, केरल ने एनवीएस को, मध्य प्रदेश ने मणिपुर को, आईबीएसओ ने गुजरात को, सीबीएसई ने पश्चिम बंगाल को, महाराष्ट्र ने जम्मू एण्ड कश्मीर को, आईपीएससी ने उत्तराखण्ड को, हिमाचल प्रदेश ने बिहार को, उत्तर प्रदेश ने ओडिसा को, कर्नाटक ने पुडुचेरी को, दिल्ली ने महाराष्ट्र को, हराकर प्रतियोगिता में 2-2 अंक प्राप्त किये। प्रतियोगिता के तीसरे दिन सुबह 7 बजे से सांई सेंटर दिग्विजय स्टेडियम बॉस्केटबॉल कोर्ट में लगातार मैच खेले जायेंगे।

## विधायक ने किया शिलान्यास व भूमिपूजन



**कुरुद 6 जनवरी।** ग्राम गातापार(कोर्रा) में शीतला का शिलान्यास व भूमिपूजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में कुरुद विधायक अजय चंद्राकर,छत्रपाल बैस,आनंद यदु,कमल नारायण साहू,देवेंद्र साहू, महेतरु साहू,पारसमणि नेताम,योगेश्वर साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## मतदाता सूची पर दावा आपत्ति 22 जनवरी तक

**राजनांदगांव 6 जनवरी ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरट सभाकक्ष में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष



संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 कार्यक्रम के संबंध में प्रेसवार्ता ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन शनिवार 6 जनवरी 2024 को किया जाएगा। दावे एवं आपत्ति भरने की अवधि बुधवार 6 जनवरी 2024 से सोमवार 22 जनवरी 2024 तक रहेगी। विशेष अभियान की तिथियां शनिवार 13 जनवरी 2024 एवं रविवार 14 जनवरी 2024 निर्धारित है। दावे एवं आपत्तियों का निराकरण शुक्रवार 2 फरवरी 2024 को किया जाएगा। स्वास्थ्य मापदंडों की जांच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की स्वीकृति तथा डेटाबेस को अद्यतन और पूरकों की छपाई मंगलवार 6 फरवरी 2024 को किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन गुरूवार 8 फरवरी 2024 को किया जाएगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रत्येक मतदान केन्द्र हेतु उसी मतदान केन्द्र के एक मतदाता को अपने दल की ओर से बीएलए नियुक्त कर सकते है। राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल ऐजेंट एक समय में व एक दिवस में 10 से अधिक फॉर्म जमा नहीं कर सकते है। साथ ही पुनरीक्षण अवधि के दौरान 30 से अधिक आवेदन दाखिल करता है, तो जांच एवं सत्यापन की जायेगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला स्तरीय कॉल सेंटर स्थापित किया गया है।

## संपादकीय

# सभी को कुछ करके दिखाना है

नई सरकार रहती है, नए नए विधायक मंत्री बनाए जाते हैं तो नई सरकार के मंत्रियों में काम करने का उत्साह दिखता है। सब मंत्री अपनी योग्यता साबित करने के लिए कुछ करके दिखाना चाहते हैं। उन्हें तुलना अक्सर पिछली सरकार से की जाएगी इसलिए वह अपने काम व नए आइडिया के जरिए यह दिखाना चाहेंगे कि वह पिछली सरकार के मंत्रियों से बेहतर है, पिछली सरकार जनहित में जो सोच नहीं पाई,वह हम सोच रहे हैं और उस पर अमल करके भी दिखाएंगे। नए व युवा लोगों को सरकार में मौका देने का यह फायदा होता है। विधायकों को कहने की जरूरत नहीं पड़ती कि उन्हे जनहित में क्या करना है, जनहित में क्या नया करना है। जो पिछली सरकार ने नहीं सोचा,नहीं किया, उसे जरूर करना है। जब नए मंत्री उत्साह से काम करते हैं तो अनुभवी व पुराने मंत्री के सामने भी चुनौती रहती है कि वह भी कुछ अच्छा करके दिखाएं, कुछ नया करके दिखाएं। कुछ बेहतर करके दिखाएं। सभी मंत्रियों के बीच जब काम के प्रति ऐसा उत्साह होता है तो जनता को भी लगता है कि यह सरकार व इसके मंत्री काम करने वाले हैं. इनमें काम को लेकर उत्साह तो है। कुछ नया करके दिखाने का जज्बा तो है। जिनमें कुछ नया करने का उत्साह होता है, नया करने का जब्जा होता है तो उनका काम दिखता है। उनकी सोच व नए आइडिया की जनता प्रशंसा करती है। वह कहती है कि यह काम तो पिछली सरकार के मंत्री भी कर सकते थे, लेकिन नहीं किया। बृजमोहन अग्रवाल राज्य के पुराने व अनुभवी नेता है, उनके पास कई मंत्रालयों में काम करने व कराने का अनुभव है। वह नए विधायकों की तुलना में कुछ ज्यादा ही जानते हैं कि अब जनता के लिए क्या करना चाहिए। ऐसा क्या किया जाना चाहिए कि जनता को लगे कि हां यह काम जरूरी है। बृजमोहन अग्रवाल ने अपने मंत्रालय की बैठक में जो निर्णय किए है, वह वाकई सराहनीय है, उनकी हर कोई सराहना करेगा। उनका यह फैसला कि अब छत्तीसगढ़ में कक्षा बारहवीं तक के छात्रों को मुफ्त पाठ्य पुस्तकें दी जाएंगी।अब तक केवल दसवीं तक के विद्यार्थियों को ही निशुल्क पाठ्य पुस्तकें दी जाती थी। यही नहीं अब कक्षा नवमी के सभी बालक व बालिकाओं को निशुल्क साइकिल भी जाएगी। इससे पहले केवल नवमी में सिर्फ बालिकाओं को ही साइकिल दी जाती थी। यही नहीं साइकिल देने का साथ ही स्कूलों में एयर पंप की व्यवस्था करने का निर्णय भी किया गया है। जहां तक छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें देने का सवाल है तो इससे अब किसी वर्ग के बच्चो को ऐसा नहीं लगेगा कि सरकार उनको तो मुफ्त में किताबें देती है,हमें नहीं देती है। अब तक दसवीं तक के बच्चों को ही निशुल्क पुस्तकें मिलती थी को 11 वीं व 12 वीं के बच्चों को लगता था कि उन्हें पुस्तकें मुफ्त क्यों नहीं दी जाती है। कई गरीब घर के बच्चों को किताबें खरीदनें भी दिक्कत होती थी। कई बच्चे पुस्तकें नहीं खरीद पाने के कारण पढ़ाई छोड़ देते थे। अब राज्य में गरीब से गरीब घर का बच्चा भी मुफ्त कितावें मिलने के कारण कम के कम बाहरवीं तक की पढ़ाई तो आसानी से कर सकेगा। इससे राज्य में शिक्षा का स्तर और ऊंचा होगा। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि केजी से पीजी तक शिक्षा मुफ्त होगी। इसलिए इस सरकार के स्कूल शिक्षा मंत्री को शिक्षा के लिए कुछ न कुछ नया तो करना ही था। इस सरकार ने केजी से बारहवीं तक पाठ्य पुस्तके मुप्त देने का फैसला कर जनता को बताया है कि हम भी राज्य में बच्चों की शिक्षा के लिए सजग हैं। हो सकता है कि पीजी तक मुफ्त शिक्षा इस बार इसलिए नहीं की गई है कि यह काम अगली सरकार बनने पर किया जाएगा। कुछ काम तो अगली सरकार के लिए छोड़ना पड़ता है। नवमीं के बालकों को भी साइकिल देने का फैसला अच्छा फैसला है, इससे गांवों के बालकों को भी स्कूल आने जाने में सुविधा होगी। छात्राओं का साइकिल बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किया गया था इससे बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिला है तथा देश के कई राज्यों ने इसे अपने राज्य में अपनाया है। साइकिल हो और उसकी हवा निकल जाए तो बच्चों को पैदल घर जाना पड़ता है,शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्वाल ने स्कूल में पंप की व्यवस्था की बात कर ऐसे जागरूक मंत्री होने का परिचय दिया है, जिसे बच्चों की हर परेशानी का पता है तथा वह दूर करने की सोचते हैं और दूर करने का फैसला भी करते हैं। मंत्री को ऐसा ही होना चाहिए, उसे जनता की छोटी से छोटी का जरूरत का पता रहना चाहिए।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम छात्रों को तनाव से मुक्ति का सशक्त माहौल देता है

## चिंतन


**किशन सनमुखदास भावनानी**



वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश के छात्रों के लिए जो अनेक शिक्षा क्षेत्र में अध्यनरत हैं, अनेकों के लिए चिंता मुश्किल व सोचनीय स्थिति तब उत्पन्न हो जाती है जब उनके जीवन पर असर डालने वाले बोर्ड की परीक्षाओं का पल सामने आता है। यह एक ऐसी घड़ी होती है कि अच्छे-अच्छे होशियार छात्र भी उम्मीद के विपरीत स्थिति महसूस करते हैं, या यू कहें कि परीक्षा के प्रति उनकी घबराहट चिंता ही कभी-कभी असफलता का कारण बन जाती है, इसलिए तो हमारे माननीय पीएम महोदय ने 7 वर्ष पूर्व छात्रों के लिए परीक्षा पे चर्चा, सहजता ग्रहण करने परीक्षा पर चर्चा की शुरुआत की गई थी जो आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है। 29 जनवरी 2024 को होने वाले इस कार्यक्रम में रिकॉर्ड एक करोड़ से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं, जो 12 जनवरी 2024 तक अभी चलते रहेंगे।उल्लेखनीय है कि इस सातवें संस्करण के लिए 11 दिसंबर 2023 से इसके रजिस्ट्रेशन शुरू हुए थे, जिसमें छात्र अभिभावक और शिक्षकगण बहुत बड़ी मात्रा में तेजी से रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं, जो अभी से ही इतनी विशाल संख्या में रजिस्टर्ड हो चुके हैं, जिसके और बढ़ाने की संभावना है जो एक एतिहासिक रिकॉर्ड बनेगा। इसीलिए ही परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की ओर हितग्राहियों का झुकाव वह इसकी लोकप्रियता का अंदेशा लगाया जा रहा है, उससे कहीं अधिक होने की उम्मीद है। क्योंकि पिछले छह संस्करणों में छात्रों शिक्षकों व अभिभावकों को इस कार्यक्रम से अनेक फायदे और संतुष्टि का एहसास हुआ है। चूंकि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम छात्रों को तनाव से मुक्ति का माहौल देता है, इसलिए आज हमपीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, देश भर के छात्रों अभिभावकों शिक्षकों में परीक्षा पे चर्चा के प्रति व्यापक उत्साह का माहौल बना हुआ है।

साथियों बात अगर हम परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 2024 को समझने की करें तो, इस वर्ष कार्यक्रम 29 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 4000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक तथा कला उत्सव एवं वीर गाथा प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 6 से 12वीं कक्षा के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए ऑनलाइन बहुविकल?प प्रश?नोत?तर प्रतियोगिता 11 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 के बीच माइगोव पोर्टल पर लाइव है। 5 जनवरी, 2024 तक, 90 लाख से अधिक छात्र, 8 लाख से अधिक शिक्षक और लगभग 2 लाख अभिभावक यानी एक करोड़ से ऊपर प्रतिभागी पंजीकरण करा चुके हैं। पीएम के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा 2024 के 7वें संस्करण के लिए, अब तक मायगोव पोर्टल पर 1 करोड़ से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए हैं। यह देश भर में छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दर्शाता है। इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने और पीएम के साथ बातचीत करने के लिए छात्रों में बहुत उत?साह है। प्रधानमंत्री ने इस अनूठे कार्यक्रम - परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) की परिकल?पना की है - जिसमें देशभर के साथ-साथ विदेशों से भी छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षाओं और स्कूल के बाद के जीवन से संबंधित चिंताओं पर चर्चा करने के लिए उनके साथ बातचीत करते हैं। यह आयोजन शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा पिछले छह वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा पे चर्चा युवाओं के लिए तनाव मुक्त वातवरण बनाने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बड़े आंदोलन -एग्जाम वॉरियर्स का हिस्सा है। यह एक ऐसा आंदोलन है जो प्रधानमंत्री के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को एक साथ लाने के प्रयासों से प्रेरित है ताकि एक ऐसे माहौल को बढ़ावा दिया जा सके जहां प्रत्येक बच्चे के अद्वितीय व्यक्तित्व का उत?सव मनाया जाए, प्रोत्साहित किया जाए और आत?माभिव?यक्ति की अनुमति दी जाए। प्रधानमंत्री की सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स इस पहल को प्रोत?साहित कर रही है। लगभग 2050 प्रतिभागियों का चयन मायगोव पोर्टल पर उनके प्रश्नों के आधार पर किया जाएगा। उन्हें एक विशेष परीक्षा पे चर्चा किट प्रदान की जाएगी जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा लिखित पुस्तक हिंदी और अंग्रेजी में एग्जाम वॉरियर्स और एक प्रमाण पत्र शामिल होगा। 12 जनवरी (विवेकानंद के जन?म दिवस) 2024 यानी युवा दिवस से शुरू होकर 23 जनवरी (सुभाष चंद्र बोस के जन?म दिवस) 2024 तक मुख्य कार्यक्रम के अग्रदूत के रूप में, स्कूल स्तर पर विभिन?न गतिविधियों काआयोजन किया जाएगा जिनमें मैराथन दौड़, संगीत प्रतियोगिता जैसी आनंददायक सीखने की गतिविधियाँ शामिल होंगी। इनमें मीम प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, छात्र-एंकर-छात्र-अतिथि चर्चा आदि शामिल हैं। आखिरी दिन, 23 जनवरी 2024 यानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती की जयंती पर, देश भर के 500 जिलों में एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके लिए चंद्रयान, भारत की खेल सफलता आदि विषय शामिल होंगे - जो दिखाते हैं कि परीक्षाएं कैसे जीवन का उत्सव हो सकती हैं।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के पिछले एपिसोड में विचारों की करें तो उन्होंने कहा था, 30-40 साल बाद गर्व होगा पीएम ने आखिर में कहा, था आज जो मेरे सामने हैं, वो नया भारत हैं। 2047 में भारत जब आजादी की शताब्दी मनाएगा, तो आपके पास नेतृत्व होगा। आज से 30-40 साल बाद जब सफलता को चूमेंगे और मैं अगर जीवित रहूंगा तो गर्व से कहूंगा कि यह वही लोग हैं जिनका मुझ जनवरी को दर्शन करने का सौभाग्य मिला था। मैं गर्व करूंगा कि जब आपके हाथ में देश का नेतृत्व होगा। संतोष होगा कि इनसे मैंने बात की थी। परीक्षा जिंदगी नहीं है, परीक्षा जिंदगी में महज एक मुकाम है। आप में से बहुत से लोग हैं, जिन्हें शायद यहां मौका नहीं मिला। मैं उनसे क्षमा चाहता हूं। पीएम ने कहा था, जीवन में हर किसी को कुछ न कुछ जिम्मेदारियां निभानी होती हैं। अगर आप किसी की देखादेखी में कोई काम करते हैं, तो बहुत निराशा हाथ लगेगी। अगर अपने मन का काम करेंगे, तो मजा आएगा। जिंदगी में अगर एकाध एंट्रेंस में रह गए तो क्या। लाखों लोग पीछे रह जाते हैं। लेकिन अगर हम डर के कारण कदम ही न रखें तो उससे बुरा कुछ नहीं। हमेशा अपने अंदर के विद्यार्थी को जीवित रखें। जीवन जीने का यही मार्ग है, नया-नया




जानना। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम छात्रों को तनाव से मुक्ति का सशक्त माहौल देता है।परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम 29 जनवरी 2024 के एतिहासिक रिकॉर्ड बनाने की संभावना-पंजीकरण की 12 जनवरी 2024 अंतिम तारीख।देशभर के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों में परीक्षा पे चर्चा के प्रति व्यापक उत्साहजनक माहौल है।

## आज का राशिफल

मेष राशि- कल का दिन ठीक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके ऑफिस में आपकी परिस्थितियों आपके नियंत्रण से बाहर जा सकती है, इसलिए आप अपनी परिस्थितियों को अपने हाथ में रखने की कोशिश करें अन्यथा, आप किसी परेशानी में फंस सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल व्यापारियों को बहुत अधिक मुनाफा हो सकता है, परंतु आपके ऊपर कार्य का बहुत अधिक बोझ रहेगा. आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए बहुत अधिक कोशिश कर सकते हैं, आपकी कोशिश कामयाब भी हो सकती है. आप कल अपनी पूरी ऊर्जा के साथ अपने कारोबार को आगे बढ़ाने की कोशिश करें, आपको कामयाबी अवश्य मिलेगी.

वृषभ राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर में सहयोगियों से पूरा काम ले और उनसे लाभ पाने के लिए उनके काम पर भी बहुत कड़ी निगरानी रखें अन्यथा, वह कार्य में गड़बड़ी कर सकते हैं और आप परेशानी में पड सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल व्यापारियों को अच्छा मुनाफा हो सकता है. कल आपके व्यापार में आपके माल की बिक्री बहुत अधिक होगी, जिससे आपका मन बहुत अधिक खुश रहेगा. आप अपने पार्टनर के साथ में अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए बातचीत कर सकते हैं. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातकों को कल किसी की बातों से बहुत अधिक चोट पहुंच सकती है. इसीलिए आप किसी की भी तीखी बातों पर ध्यान ना दें अन्यथा, आप बहुत अधिक परेशान हो सकते हैं.

मिथुन राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने दफ्तर में आपके बॉस आपसे आपके कार्य का ब्यौरा मांग सकते हैं, इसीलिए आप अपने बॉस के कार्य मांगने से पहले ही अपनी रिपोर्ट तैयार करके रखें अन्यथा, आपको अपने बॉस की डांट खानी पड़ सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारियों को कल अपना व्यापार बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेना चाहिए, इससे आपका व्यापार और अधिक उन्नति कर सकता है. नेटवर्क बढ़ाने से आपके व्यापार में आपको बहुत अधिक लाभ की प्राप्ति हो सकती है. कल आप अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें अन्यथा, आपका किसी से वाद विवाद हो सकता है.

कर्क राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें टारगेट वाले कार्य करने वाले जातकों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा, वह अपना टारगेट आसानी से पूरा कर सकेंगे, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ की प्राप्ति हो सकती है और आपके पास आपके कार्य से प्रसन्न रहेंगे. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने व्यापार में आर्थिक तंगी से परेशान रहेंगे, व्यापार में कभी-कभी ऐसा दौर आ जाता है, परंतु आप धैर्य रखें तो धीरे-धीरे सब कुछ ठीक हो जाएगा.

सिंह राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो सरकारी विभागों में कार्य करने वाले जातकों को कल उनके अच्छे काम को देखते हुए प्रमोशन मिल सकता है. आपके अधिकारी आपके कार्य से प्रसन्न रहेंगे. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो अनाज के बड़े व्यापारियों को कल मंदी का सामना करना पड़ेगा, इससे आप अपना स्टॉक ज्यादा बढा कर रखे, अन्यथा, आपको आर्थिक तंगी का सामना भी करना पड़ सकता है. युवा जातकों की बात करें तो अपनी सेहत को भी ठीक रखें, इसीलिए आपको अपनी फिजिकल फिटनेस पर भी ध्यान देना होगा, इसीलिए आप हमेशा स्वस्थ रखने के लिए जिम ज्वाइन करें.

कन्या राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले छात्रों की बात करें तो कल आप अपने ऑफिस में कम से कम गलतियां करें, अन्यथा आपके अधिकारी आपसे ना खुश हो सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो लोग अपने ग्राहकों को देवता समझ कर उनका सम्मान करें. अपने नए लड़कों को जोड़ने का प्रयास करें तथा नए ग्राहकों के चक्कर में पुराने ग्राहकों को ना भूले. युवा जातकों की बात करें तो कल अपने काम से काम रखें, दूसरों के किसी काम में हस्तक्षेप करने से बचे तो अच्छा रहेगा.

तुला राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप नौकरी में अपने नए करियर की शुरुआत कर सकते हैं. कल आपका आपके दफ्तर में किसी न किसी सहकर्मी का सानिध्य प्राप्त हो सकता है, जिससे आप अपने काम को अच्छे से कर सकेंगे और आप अपना कार्य सिखाते हुए आगे बढ़ सकते हैं. स्टील के व्यापारियों को कल बहुत अच्छा मुनाफा प्राप्त हो सकता है, इससे आपको बहुत अधिक लाभ की प्राप्ति हो सकती है. अपने परिवार के लोगों की राय मांग सकते हैं. ऐसे में आप निष्पक्ष होकर राय दें. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातक अपने सलाहकारों को अपने आसपास ही रखें, किसी विषय पर सलाह ले तो उस सलाह को मन भी किसी भी घरेलू वाद-विवाद में कल आपके परिवार के लोग आपकी राय मांग सकते हैं.

वृश्चिक राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने बॉस से अपना अच्छा सपन संपर्क बनाने का प्रयास करें, तभी आपको प्रमोशन मिल सकता है. आपका बनाया गया संपर्क भविष्य में आपके काम आने वाला है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो अनाज के व्यापारियों के लिए कल का दिन बहुत अधिक अच्छा संकेत लेकर आएगा. आपकी आर्थिक आय में वृद्धि होगी और आपकी आय वृद्धि से आपके परिवार में सुख शांति का माहौल रहेगा. आप अपने परिवार को कही बाहर घूमने के लिए भी लेकर जा सकते हैं. आपका परिवार बहुत अधिक प्रसन्न होगा.

धनु राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो यदि आप पिछली नौकरी से परेशान होकर किसी नई नौकरी के लिए आवेदन दिया है तो आपकी उसके लिए इंटरव्यू की कॉल आ सकती है और आप उसमें चयनित हो सकते हैं,जिससे आपको बहुत अधिक प्रसन्नता होगी. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल इलेक्ट्रॉनिक के सामानों का व्यापार करने वाले जातकों को अच्छी बिक्री मिल सकती है, जिससे आपको अपने स्टॉक का बंदोबस्त रखना होगा और आपका सामान बहुत अच्छे दामों पर बिक सकता है. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातक कल अपने दिल की बात किसी के साथ में शेयर ना करें, अन्यथा,आपकी बात ठीक हो सकती है और आपका कार्य बनते बनते बिगड़ सकता है, जिसके कारण आप मानसिक तनाव में आ सकते हैं और कोई आपकी बातों का मिसयूज भी कर सकता है.

मकर राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप आवश्यक कार्य को लेकर धैर्य रखें, जरूरी कार्य को करने में कोई जल्दबाजी न करें. अन्यथा, आपसे गलतियां हो सकती है. कल व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो टेलीकम्युनिकेशन के व्यापारियों को कल अच्छा मुनाफा हो सकता है, उनका काम कल के दिन बहुत अच्छा चलेगा, जिससे आपका मन बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा. कल आप अपने कार्यो का प्रारंभ भगवान सूर्य देव के आशीर्वाद से करें, तो आपके लिए अच्छा रहेगा. युवा जातकों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा.

कुंभ राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले को अपने कार्य पर और अधिक फोकस करना होगा, तभी उन्हें सफलता की प्राप्ति हो सकती है. व्यापार करने वाले जातकों के लिए कल का दिन ठीक रहेगा. आप अपने व्यापार मे कर्मचारियों से अपना व्यवहार नरम ही रखें अन्यथा, आपके कर्मचारी आपके कार्य को छोड़कर जा सकते हैं, आपके कर्मचारी आपसे नाराज हो सकते हैं। युवा जातकों की बात करें तो किसी भी कार्य में नहीं लगेगा, जिसके कारण आप परेशान हो सकते हैं, जो युवा जातक अपने परिवार से दूर रहकर पढ़ाई करते हैं,

मीन राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप जिस कंपनी में कुछ समय पहले नौकरी कर रहे थे, आपको वहां से फिर से नौकरी का ऑफर मिल सकता है और आपको पैसा और पद अच्छा मिले तो आपको वहां पर कार्य ज्वाइन कर लेना चाहिए. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो दूध के व्यापारियों को अच्छा मुनाफा मिल सकता है. लेकिन आप अपने दूध की क्वालिटी पर ध्यान देना था. आपके ग्राहक टूट सकते हैं. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातक कल अपना मनोबल ऊंचा रखें, जिस कार्य को भी करें बहुत अधिक ध्यान से करें, मनोबल ऊंचा होने से आपको हर कार्य में सफलता की प्राप्ति हो सकती है. कल आप अपने परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा करने के लिए जा सकते हैं,

## व्यंग्य

# उड़ गए तोते

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**



पत्नी की बातें सुन गजानन कुछ देर के लिए चुप रहा। वह कहे तो भी क्या कहे। शादी के शुरुआती दिनों में थोड़ा-बहुत मुँह खुलता था। लेकिन पत्नी के परिजनों की बहुमत के सामने इनके तोते विपक्षी दल की तरह उड़ जाते थे। पहले पहल बहुत सी शिकायतें की। कोई लाभ नहीं हुआ। उल्टे लोगों के ताने-उलाहने सुनने पड़े। किसी ने कहा इतने दिनों तक कुँवारे बैठे रहे। जैसे-तैसे शादी हुई तो मीनमेख निकालने लगे। नई सरकार को सत्ता संभालने के लिए भी जनता पाँच साल देती है। क्या तुम कुछ दिन अडजस्ट नहीं कर सकते। तुम बड़े किस्मत वाले हो जो तुम्हारी शादी हो गई। वरना आज के दिनों में अच्छी लड़की और सरकार भला किसी को मिलती है? यही सब कुछ कह-कहकर गजानन को लोगों ने पत्नी पुराण महिमा के नीचे ऐसा धर दबोचा कि किसी के सामने उनकी बोलती खुलना तो दूर सोचने से भी उनके रोंगटे खड़े हो उठते हैं। पत्नी के बार-बार पति के मन की बात पूछने की चेष्टा ने इस बार गजानन को झकझोर दिया था। बहुत दिनों तक सत्ता से बेदखल विपक्ष की कुबुलाहट उनके भीतर दिखी। एकदम से उठे और बोले- देखो भाग्यवान! प्रधानमंत्री मन की बात करते हैं, तो उनके पास मन भी होता है। मैं तो अपना मन कब का मार चुका हूँ। शेक्सपियर ने कहा था कि एक अच्छा जोड़ा वही होता है जिसमें पत्नी अंधी और पति बहरा हो। न पत्नी कुछ देखेगी, न कुछ बोलेगी। यदि बोल भी देती है तो पति तो पहले से बहरा है। वह खाक सुनेगा। मैं भी कुछ उसी तरह का हूँ। तुम कुछ भी बोल देती हो उसे मैं ऐसे सुनता हूँ जैसे मैंने कुछ सुना ही नहीं। प्रधानमंत्री अपनी मन की बातें मनवाने के लिए सीबीआई, ईडी, सेना, जाँच अधिकारियों की बड़ी खेप रखते हैं। मेरे पास क्या है? मन की बात मनवाने के लिए ताकत होनी चाहिए, जो कि मेरे पास नहीं है। दुनिया में जीने के दो ही तरीके हैं। एक जो गलत हो रहा है उसके खिलाफ आवाज़ उठाओ। उसके लिए हाथ में सत्ता होनी चाहिए। जो कि मेरे पास नहीं है। दूसरा तरीका है जो कुछ गलत हो रहा है उसे होने दो। चुपचाप पड़े रहने दो। इससे खुद का भला होता ही है और सामने वाले का मन भी शांत रहता है। मैं इस उम्र में भगतसिंह नहीं बनना चाहता। भगतसिंह और बुलंद आवाजों की आयु दो पल की होती है। मैं दो पल से अधिक जीवन काट चुका हूँ, इसलिए अब मुझमें क्रांति करने की कोई इच्छा नहीं है। तुम जैसी हो, बहुत अच्छी हो। मेरे इस हार्डवेयर वाले बदन में तुम्हारी व्यवस्थाओं का सॉफ्टवेयर बहुत फबता है। इसलिए मुझे मेरे मन की बात करने की कोई इच्छा नहीं है।

# सर्दियों में घटाना चाहते हैं वजन, तो वेट लॉस के साथ ही इन वजहों से डाइट में शामिल करें पपीता

सर्दियों में कई तरह के फल बाजार में आसानी से मिल जाते हैं। बाजार में मिलने वाले ये फल हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। पपीता इन्हीं फलों में से एक है, जिसे अपनी डाइट में शामिल करने से सेहत को ढेर सारे फायदे मिलते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (हृढ्ढ॥) के अनुसार, पपीता विटामिन और मिनरल का खजाना होता है, जिसमें विटामिन ए, सी और ई भारी मात्रा होते हैं, जो त्वचा के स्वास्थ्य, इम्युनिटी और सेल प्रोटेक्शन के लिए जरूरी हैं। साथ ही यह स्वाद में भी काफी बेहतरीन होता है। यही वजह है कि लोग इसे अपनी डाइट में शामिल करते हैं। वैसे तो पतीता हर सीजन में आसानी से मिल जाता है, लेकिन सर्दियों में इसे खाने से काफी फायदा होता है। यह न सिर्फ आपको ठंड से बचाता है, बल्कि अन्य कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी राहत दिलाता है। आइए जानते हैं सर्दियों में पपीते खाने के कुछ फायदे-

**ब्लड शुगर कंट्रोल करे**-पपीते में विटामिन सी और ई सहित फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो ब्लड शुगर के लेवल को रेगुलेट करने में मदद करता है। ये पोषक तत्व ब्लड फ्लो में शक्कर के अब्जॉर्प्शन रेट को कम करने में मदद करता है और ग्लाइसेमिक इंडेक्स कंट्रोल करने में सहायता करते हैं, जो डायबिटीज के लोगों के लिए फायदेमंद होता है।

**प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करे**-पपीते में मौजूद विटामिन सी, एक इम्युनिटी बढ़ाने वाला एंटीऑक्सीडेंट है। मजबूत इम्यून सिस्टम संक्रमण और बीमारियों के खिलाफ शरीर रक्षा करता है। इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण सेल्स को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं, जिससे प्रतिरक्षा कार्य का समर्थन होता है।

**वजन घटाने के लिए पपीता**-पपीता डाइटरी फाइबर से भरपूर एक लो कैलोरी फल है और इसमें पपेन नामक एंजाइम होता है, जो प्रोटीन को तोड़ने में मदद करता है, पाचन को बढ़ाता है और वजन घटाने में सहायक है। इसमें मौजूद फाइबर कंटेंट देर तक आपका पेट भरा रखती है, जिससे आपकी भूख को नियंत्रित होती है और इस प्रकार वेट मैनेजमेंट में मदद मिलती है।

## मुद्दा


**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

# माता-पिता की कभी मृत्यु नहीं होती



आज सुबह से ही मैं विचारधारा की अलग दुनिया में गोते लगा रहा हूं । इस बात को समझ रहा हूं कि जीवन , जन्म और मृत्यु का चक्र है । इस शाश्वत चक्र के बीच के समय में ही हम वह जीते हैं , जिसे जीवन कहा जाता है । यह अकाट्य सत्य है कि इस दुनिया में आने वाले को एक दिन जाना ही है । इसी जीवन की कड़ी में सबसे मजबूत रिश्ते की पहचान माता-पिता के रूप में हम सबके सामने आती रही है ।इस सच्चाई से इनकार नहीं किया जा सकता है की माता-पिता हमेशा हमारे साथ नहीं रहेंगे । यह विचार मेरे मन में आते ही मैं एक अज्ञात भय से कांप उठता हूं । दुःखी मन के साथ सोचने लगता हूं कि जब माता-पिता साथ न होंगे तब उनकी स्मृति , यादें ही साथ रहेंगी । उनके दिए संस्कार , जीवन जीने के तरीके ही सीढ़ियों के पक्के पायदान होंगे ,जो मुझे कामयाबी की ऊंचाई चढ़ने में मदद करेंगे । अब कुछ - कुछ ताकत का एहसास होने लगा है । वह संकल्प ठोस रूप लेता जा रहा है ,जो मुझे बार-बार यह कह रहा है कि आपके माता-पिता ने जो कुछ भी विरासत में दिया है उसे अंगीकार कर उनका नाम रोशन करने कोई कसर न छोड़ें । मैंने अपने पिता को 17 वर्ष पूर्व खो दिया । वहीं माताजी ने भी हम भाई- बहनों को लगभग तीन माह पूर्व छोड़ दिया । इस सच्चाई को स्वीकार करना बहुत ही कठिन है , किंतु मेरे माता-पिता की यादें इस कदर मेरे अंदर रच - बस चुके हैं कि मुझे ऐसा लगता ही नहीं कि वे मेरे साथ नहीं है ।

इस मृत्यु लोक में रहने वाला हर मनुष्य माता-पिता को खोने के बाद यही कहता है कि... उनकी मृत्यु हो गई है ! अथवा वे मौत की आगोश में समा गए हैं ! उनके जाने के बाद घर खाली-खाली दिखने लगता है । ऐसा लगता है मानों दुनिया समाप्त हो गई हो । मैं ऐसा नहीं मानता । कारण यह कि मुझे लगता है की माता-पिता कभी नहीं मरते । वे हमेशा जीवित रहते हैं । हमारे साथ ही रहते हैं । वह तो हम ही हैं जो उन्हें भूल जाते हैं ! यदि मैं अधिक भावुकता में न बहूँ तो तथ्यात्मक रूप में एक भाई के पास हमारे पिता की आंखें हुआ करती हैं । बहन का सुंदर रूप मां का प्रतिबिंब हुआ करता है । मां का स्नेह और दयालुता बहन के रूप में छलकता दिखाई पड़ता है । बड़ा भाई पिता की तरह मुस्कुराता है , तो बहन मां की तरह स्वादिष्ट भोजन बनाकर परोसती है । माता-पिता मरते नहीं । वे हमें कभी नहीं छोड़ते । वह हमारे बीच रहते हुए हमारे अंदर बसा करते हैं । हम बच्चे माता-पिता के प्रतिबिंब होते हैं । हमारे माता-पिता अपनी शारीरिक अनुपस्थिति के बावजूद हममें जीवित रहते हैं । जब कभी माता-पिता के न होने की कमी सताने लगे , तो हमें अपने भाई - बहनों को अपने पास इकट्ठा कर लेना चाहिए ।इससे हम अपने माता-पिता की मंत्र मुग्ध कर देने वाली मुस्कान , मधुर आवाज को अपने करीब महसूस कर सकेंगे ।



प्यार की वह बगिया जिस हमारे माता-पिता ने जन्म के समय से ही खून पसीने और आंसुओं से सींचा और विकसित किया है वह विपरीत मौसम के चक्र से प्रभावित हुए बिना खिलखिलाती रहेगी । कारण यह की भौतिक रूप में हमारे बीच न रहने वाले हमारे माता-पिता एक अदृश्य शक्ति के रूप में सदैव हम पर अपनी कृपा बनाए रखते हैं । जरूरी यह है कि हम अपनी व्यस्त जिंदगी में से अपने माता-पिता को याद करने कुछ क्षण जरूर निकालें । सुबह की पूजा - अर्चना के उपरांत अथवा बीच में माता-पिता को इस तरह प्रार्थना में शामिल करें जिस तरह ईश्वर को करते हैं । हमारे धर्म शास्त्रों में मनुस्मृति का स्थान सर्वोपरि है राजश्री मनु के विचार भारतीय मनीषा में सर्वमान्य है ।माता-पिता , गुरुजनों एवं श्रेष्ठ जनों को सदैव प्रणाम , सम्मान और सेवा के संदर्भ में मनुस्मृति का यह श्लोक अनुकरणीय हैः-

अभिवादनशीलस्य नित्यम वृद्धोपसेविंनः।
चत्वारि तस्य वर्धते आयुर्विध्या यशोबलम ।।

अर्थात वृद्ध जनों यथा माता-पिता , गुरुजनों एवं श्रेष्ठ जनों का सर्वदा अभिवादन करने से आयु , विद्या , यश और बल की वृद्धि होती है । हमारे इसी धर्मशास्त्र मनुस्मृति में एक अन्य शोक में माता-पिता और आचार्य को अति महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करते हुए कहा गया है । दस उपाध्यायों से बढ़कर एक आचार्य होता है । सौ आचार्य से बढ़कर एक पिता होता है , और पिता से हजार गुना बढ़कर माता गौरवमयी होती है । हमारे शास्त्र कहते हैं की माता-पिता अपनी संतान के लिए जो कष्ट सहन करते हैं उसके बदले पुत्र यदि सौ वर्ष तक माता-पिता की सेवा करें , तब भी वह उनका ऋण नहीं चुका सकता है । माता-पिता की आराधना से हमारे धर्म ग्रंथ भरे पड़े हैं । फिर चाहे वह महाभारत हो , रामायण हो , गीता हो या फिर चारों मुख्य वेद ही क्यों न हों । माता-पिता के स्थान को उद्धृत करता यह श्लोक सभी को जानना चाहिए :-

सर्वतीर्थमयी माता , सर्वदेवमयः पिता ।
मातरम- पितरम तस्मात् सर्वयत्नेन पुजयेत।।

अर्थात माता सर्व तीर्थ मयी और पिता संपूर्ण देवताओं का स्वरूप है । इसलिए सभी प्रकार से यत्नपूर्वक माता-पिता का पूजन करना चाहिए । जो माता-पिता का पूजन करता है ,उसके द्वारा सातों द्वीपों से युक्त पृथ्वी की परिक्रमा पूरी हो जाती है ।

माता-पिता हमारे जीवन से भले ही विदा हो जाएं , किंतु उनकी कृपा हम पर सदैव बनी रहती है। इसलिए यह कहा गया है कि - यथार्थ रूप में साथ न रहने के उपरांत अदृश्य होकर भी माता-पिता हमारे जीवन से दूर नहीं होते हैं शाश्वत मृत्यु भी इस बात से इनकार नहीं कर सकती है कि माता-पिता की मौत कभी नहीं होती । हर पिता अपने बच्चों का जीवन दर्शन होता है ,जबकि मां जीवन का सार होती है । सागर की तरह शांत पिता , गंगा की धार की तरह प्रवाहित होने वाली मां को जीवन में उसी तरह सम्हाला करता है जैसे सागर नदी के मिलन को ! मां अगर हमें भटकन की स्थिति में राह दिखाती है , तो पिता अंधेरे मार्गों का उजाला बनाकर सहायक की तरह हमारे साथ चलता रहता है । कांटों के बीच खीलखिलाते गुलाब की तरह पिता अपने बच्चों को सुख प्रदान कर रहा होता है , तो माता उस फूल के अंदर बसी खुशबू को फैलाकर बच्चों का जीवन खुशगवार कर देती है ! इन सारी विशेषताओं से परिपूर्ण माता-पिता के साए को उनकी मौत की संज्ञा देना हमारी भूल हो सकती है । हमें यह याद रखना चाहिए कि माता-पिता की मृत्यु कभी नहीं होती ...केवल दूरियां बन जाती हैं ।

# मुरडोंगरी स्कूल के व्यावसायिक कृषि छात्र छात्राओं का 80 घंटे का विंटर इंटर्नशिप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 6 जनवरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरडोंगरी में नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित व्यावसायिक कृषि में अध्यनरत कक्षा 11वी, 12वीं के 28 छात्र-छात्राओं को 10 दिवसीय विंटर इंटर्नशिप नरेंद्र कुमार साह शासकीय उद्यान रोपणी प्रभारी अधीक्षक के अनुमति से शासकीय उद्यान रोपणी नथीया नवागांव में विद्यालय के प्राचार्य हरीश कुमार साहू की मार्गनिर्देशन एवं कृषि प्रशिक्षक पूजा साहू के मार्गदर्शन पर कराया गया। इंटर्नशिप करने का उद्देश्य पाठ्यक्रम में निर्धारित विषय वस्तु का प्रयोगिक ज्ञान के साथ छात्र-छात्राओ भविष्य में कृषि में अपना रोजगार बनाने में सक्षम हो सके। इंटर्नशिप में छात्र-छात्राओं में कृषि के अंतर्गत विभिन्न फसलों की खेती जैसे आलू, धनिया की खेती में होने वाले खरपतवार का नियंत्रण एवं कीट नियंत्रण के लिए कीटनाशक रसायनों का घोल तैयार की करने विधि, ग्रीन हाउस में नर्सरी तैयार करने के लिए पॉलिथीन बैग में खाद मिट्टी और रेत का मिक्सचर बनाने की विधि, कोशा फॉर्म में कोशा किट पालने के तरीके एवं कोशा के ग्रेड ए, बी, सी, और डी ग्रेड की क्वालिटी तथा उद्यानकिय फसलों में नींबू की ग्राफ्टिंग सजावटी फसलों का कलम अमरूद में गुट्टी, लेयरिंग, इत्यादि कार्य सिखाया गया उद्यान प्रभारी ने कहा विद्यार्थियों का यह इंटर्नशिप प्रयोग विज्ञान का एक बेहतर विकल्प है और इसमें आगे भी वह सहयोग करते रहेंगे इंटर्नशिप के बाद विद्यार्थियों को पारिश्रमिक राशि एवं विद्यालय स्तर पर प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा, विद्यालय के प्राचार्य की मार्ग निर्देशन में कृषि के छात्र-छात्राओं को प्रैक्टिकल ज्ञान के लिए समय-समय पर औद्योगिक भ्रमण, अतिथि व्याख्यान, और आन जब ट्रेनिंग, एवं इंटर्नशिप कराया जा रहा है।



## एक नजर

### खेल शिक्षक व योगा प्रशिक्षक के लिए आवेदन आमंत्रित

**सुकमा, 6 जनवरी।** जिला सुकमा के तहत् विकासखण्ड कोण्टा, सुकमा और छिन्दगढ़ के लिए चयनित पी.एम.श्री शासकीय पोटा केबिनों के लिए अंशकालीन खेल शिक्षक व योगा प्रशिक्षक को निर्धारित अवधि 3 माह, 31 मार्च 2024 तक कार्य पर रखे जाने के लिए योग्य उम्मीदवारो से आवेदन 12 जनवरी 2024 के शाम 05:30 बजे तक आमंत्रित किया गया है। विस्तृत जानकारी सुकमा जिला के वेबसाइट में एवं जिला शिक्षा कार्यालय सुकमा के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

### कोंटा की शिक्षिका कोरोना पॉजिटिव

**सुकमा 6 जनवरी।** सुकमा जिले में भी कोरोना ने दस्तक दे दी है। जिले के कोंटा स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की एक शिक्षिका कोरोना पॉजिटिव पाई गई है। यह शिक्षिका हाल ही में छुट्टियां बिताकर ड्यूटी पर लौटी है। पीड़ित शिक्षिका को स्वास्थ्य विभाग द्वारा होम क्वारंटीन किया गया है। विगत दिनों वार्ड 4 में भी एक महिला कोरोना पॉजिटिव मिली थी।

### बिहान योजना से दूर हुई आर्थिक परेशानी

**उत्तर बस्तर कांकेर, 6 जनवरी।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं स्व सहायता समूह से जुड़कर विभिन्न रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर हो रही हैं और स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार का भी पालन-पोषण में मदद कर रही हैं। नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मावलीपारा निवासी श्रीमती केसरी मंडावी भी ऐसी महिला हैं, जिन्होंने समूह से जुड़कर स्वरोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर होकर जीवन-यापन कर रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के जरिए श्रीमती मंडावी ने बताया कि जय बूढ़ादेव स्वसहायता समूह की अध्यक्ष हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बिहान योजना के तहत उन्होंने स्वयं का रोजगार शुरू करने के लिए 1 प्रतिशत की ब्याज दर पर लगभग 2 लाख रूपए का ऋण लिया। इस ऋण की राशि का उपयोग से उन्होंने किराना दुकान शुरू की। आज उन्हें दुकान से प्राप्त आय से बच्चों की पढ़ाई, खेती-बाड़ी के कार्य सहित अपने परिवार के भरण-पोषण में बहुत मदद मिल रही है। श्रीमती मंडावी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बिहान योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।

# कांकेर व गोविंदपुर वार्षिक मेला के आयोजन को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**उत्तर बस्तर कांकेर, 6 जनवरी।** क्षेत्र के विख्यात कांकेर एवं गोविंदपुर वार्षिक मेला के आयोजन के संबंध में अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें बैठक में मेला के दौरान कानून व्यवस्था, यातायात, विद्युत एवं स्वास्थ्य सहित मेला स्थलों में नागरिकों की सहायता के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित करने पर चर्चा हुई। साथ ही आम जनता की जानकारी हेतु सभी विभाग के प्रभारी अधिकारियों का दूरभाष नंबर पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अविनाश ठाकुर द्वारा पुलिस विभाग द्वारा मेला स्थल में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने तथा यातायात व्यवस्था के लिए रूट चार्ट बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि कांकेर एवं गोविंदपुर मेला स्थल में संपूर्ण अवधि के लिए कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु एसडीएम कांकेर द्वारा मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई जाएगी। मेला के दौरान विद्युत व्यवस्था के निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग द्वारा तैयारी की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दोनों मेला स्थल में कैम्प लगाकर पर्याप्त चिकित्सकों के दल आवश्यक दवाइयों के साथ उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा बैठक में फायर बिग्रेड एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, खाद्य सामग्रियों की जांच, देव स्थलों में पूजा व्यवस्था, मेला भाठा की साफ-सफाई, दुकान आबंटन, शौचालय, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, ध्वनि प्रदूषण पर कार्यवाही सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी अपनी बात रखते हुए आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री हेमनारायण गजबल्ला, सरपंच गोविन्दपुर श्रीमती सतरूपा कांगे, एसडीएम कांकेर श्री मनीष साहू, डीएसपी श्री मोहसीन खान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं मेला आयोजन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# सामूहिक फल उद्यान का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 6 जनवरी ।** जिला प्रशासन के पहल से जिले के कृषकों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में काम किया जा रहा है। जिले में कारीगुंडम, बुरकापाल, मुकरामनाला, मिनपा और गोरगुण्डा में सामूहिक फल उद्यान हेतु चिन्हांकन किया गया है। जिसके तहत सामुदायिक उद्यान से वृक्षारोपण सहित कृषकों के आर्थिक आय को तेजी से महत्व दिया जा रहा है। जिसमें जनपद पंचायत कोंटा अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरगुण्डा में हो रही सामूहिक फल उद्यान का किया जा रहा है। जिसका शुक्रवार को कलेक्टर श्री हरिस.एस ने निरीक्षण किया। इस दौरान फल उद्यान के संबंध में समूह की पुरुषों से जानकारी सांझा की। समूह के सदस्य श्री मड़कम दुला और श्री मोती लाल मड़कम सहित अन्य को फल उद्यान का स्पेशल सेंट्रल एसिस्टेंस अंतर्गत 10 एकड़ जमीन में आम, नींबू और नारियल के पौधो का रोपण किया गया है। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट ने किसानों से अपनी अनुभव सांझा की। कलेक्टर ने समूह के लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर बनने के लिए आप सबको आगे आना है और इस तरह के फलों के पौधे तैयार करके उनसे फल पैदा कर अपनी अजीविका को आगे बढ़ाना है। साथ ही दूसरों को भी इस तरह के पौधों को लगाने के लिए प्रेरित करें। इससे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में लोग तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने समूह को प्राथमिकता देकर बेहतर तरीके से फल उद्यान करने को कहा। समय समय पर समूह के कृषकों को फल उद्यान से संबंधित ट्रेनिंग लेते रहने की बात कही, साथ ही कहा कि पौधों को समयानुसार पौधों को आवश्यक खाद देते रहे। किसानों को पारंपरिक कृषि के साथ ही फल उद्यान दिशा में काम करने को कहा ताकि आप आर्थिक रुप से ज्यादा सक्षम हो सके, साथ ही आस पास के किसान आपसे प्रेरित भी होंगे। सरकार के इस पहल का शत प्रतिशत लाभ लेने के लिए मौसमी सब्जी और तरबूज, सब्जी जैसे जायद फसल लेने को कहा। मनीकोंटा में नर्सरी का भी किया निरीक्षण- कोंटा ब्लॉक के अंतर्गत मनीकोंटा में बन रहे नवीन नर्सरी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग को मदर प्लांट, चीकू, काजू , अमरूद, आम, कटहल, ग्राफ्टिंग पौधा, ड्रेगन फ्रूट, केला के पौधा के नर्सरी हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही नर्सरी में नारियल, पपीता को, मौसमी सब्जी के पौधे लगाने को कहा। जिससे आस-पास के कृषकों को नर्सरी से ही ज्यादा से ज्यादा पौधे मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत नोडल आधिकारी श्री कैलाश कश्यप, कोंटा तहसीलदार श्री पर्वेश्वर मंडावी, नायब तहसीलदार श्री आनंद कुमार गुर्दे, नीति आयोग फेलो श्री सौरभ कुमार एवं श्री पंकज बर्मन सहित अन्य आधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।



## समाचार संक्षेप

### किरण देव से मिला अधिकारी-कर्मचारी संघ



**जगदलपुर 6 जनवरी।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ, जिला बस्तर के प्रतिनिधि मंडल ने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक किरण देव से सोमवार को सौजन्य भेंट की तथा चुनाव में विजयी होने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामना दी। तत्पश्चात विभिन्न मुद्दों पर सामान्य चर्चा की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष तुलादास मानिकपुरी, सचिव नीलमणि साहू, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार अहीर, मिडिया प्रभारी द्वय भिमेंद्र सेठिया, भिखम साहू, सक्रिय सदस्य सितेंद्र साहू, रूद्र डड़सेना तथा संघ के सदस्यगण शामिल रहे।

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया मां दंतेश्वरी का दर्शन



**दंतेवाड़ा, 6 जनवरी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अपने एक दिवसीय प्रवास पर आज दंतेवाड़ा पहुंचे। मॉ दंतेश्वरी का दर्शन कर पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर वन मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री ओम माथुर, विधायक श्री किरण देव, विधायक श्री चैतराम अटामी और डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय, अपर कलेक्टर श्री संजय कन्नौजे, एसडीएम श्री जयंत नाहटा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### मुस्लिम समाज के लोगों ने विधायक चैतराम अटामी से मुलाकात कर दी जीत की बधाई



**दंतेवाड़ा 6 जनवरी।** दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी से मुस्लिम समाज के सदर,सेक्रेटरी एवं तमाम मुस्लिम समाज के लोगों ने सर्किट हाउस में सौजन्य भेंट मुलाकात की तथा पुष्पमाला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाये दिया 7 विधायक चैतराम अटामी से मुस्लिम जमात के सदर हाजी मोहम्मद कासिम और मोहम्मद रहमतुल्लाह,मोहम्मद जियाउद्दीन, मोहम्मद रईस,मोहम्मद,राजू मोहम्मद राशिद समेत मुस्लिम समाज के अन्य लोगों ने विधायक चैतराम अटामी को बधाई दिया । विधायक चैतराम अटामी ने भी मुस्लिम समुदाय के लोगों को अपने बीच पाते हुए खुशी जाहिर की और उन्हें आश्वासन भी दिया की कभी भी किसी चीज की आवश्यकता पड़ेगी तो वे और भाजपा के सभी कार्यकर्ता सभी के साथ हमेशा सहयोग के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। इस मिलन समारोह में विधायक चैतराम अटामी के साथ जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप,जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत चौहान,बीजेपी के वरिष्ठ नेता दुर्गा सिंह चौहान,जिला मंत्री सत्यनारायण महापात्र समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**उत्तर बस्तर कांकेर, 6 जनवरी।** सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर श्री मनीष साहू द्वारा मृतक के परिजनों के लिए 25-25 हजार रूपये की सहायता स्वीकृत की गई है। कांकेर तहसील के ग्राम बागोडार निवासी श्रीमती हेमलता पटेल की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके पति श्री महेन्द्र कुमार पटेल को 25 हजार रूपये और नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मासुलपानी निवासी महावीर कल्लो की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती जोहतरीन के लिए 25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।



**जगदलपुर 6 जनवरी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव के प्रथम बस्तर आगमन पर सर्व हिन्दू समाज द्वारा स्वागत की तैयारी अनुपमा चौक पर की गई।**

# कलेक्टर ने अचानक स्कूल पहुंचकर ली बच्चों की क्लास

■ उप स्वास्थ्य केंद्र गोरगुण्डा का किया औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा,6 जनवरी।** कलेक्टर श्री हरिस. एस ने शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान रेंगा पारा स्कूल गोरगुण्डा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से रूबरू हुए। उन्होंने बच्चों से प्रश्न पूछकर शिक्षा के स्तर को परखा। इसके अलावा अस्थाई रूप से संचालित रेंगा पारा स्कूल के भौतिक निर्माण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात् उन्होंने गोरगुण्डा में संचालित प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के दर्ज संख्या से कम उपस्थिति होने पर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने बच्चों की क्लास लेकर उनकी पढाई स्तर को परखा। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने लक्ष्य को पाने के लिए सबसे बेहतर मार्ग शिक्षा होता है और सबसे आसान काम भी होता है। इसके लिए आप सब नियमित रूप से स्कूल आये। उन्होंने कहा कि आप अच्छी पढ़ाई कर इंजीनियर, डॉक्टर सहित शासकीय सेवाओं में पदस्थ होकर अपने गांव और जिले का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान उन्होंने बच्चों से रूबरू होते हुए, अपने व्यक्तिग अनुभव भी बच्चों से साझा किए। स्कूल के निरीक्षण के दौरान बच्चों से प्रश्न भी किए जिसमें प्राथमिक शाला के छात्र पदाम महेश और नंदू के जबावों से संतुष्ट हुए।

गी बच्चों को प्राथमिकता देकर शिक्षा से जोड़ने हेतु निरंतर जागरूक करने के निर्देश दिए। स्कूल में बच्चों के यूनिफार्म और एमडीएम के संबंध में भी जानकारी ली। उप स्वास्थ्य केंद्र गोरगुण्डा का किया औचक निरीक्षण- कलेक्टर ने ग्राम गोरगुण्डा में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपस्थित आवश्यक मेडिसिन की जानकारी ली। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से होने वाले टीबी, एनीमिया की जांच के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान शुगर पेसेंट श्री राजू नायक से स्वास्थ्य के बारे में हाल चाल जाना और उनके शुगर की केंद्र में जांच करवाई। केंद्र में हुए ओपीडी, प्रसव, एनीमिया, टीबी जांच के संबंध में जानकारी ली। केंद्र में उपस्थित मरीजों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली।

# कोंटा डीएवी स्कूल के प्राचार्य के खिलाफ एनएसयूआई छात्र नेता ने लगाए गंभीर आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 6 जनवरी।** छात्र नेता नामीर अली ने कहा डीएवी स्कूल के प्राचार्य शशी कुमार लगातर आपने कही शिक्षको को करता है प्रताड़ित। हाली में प्राचार्य शशी कुमार के प्रताड़ना से शिक्षक जॉन ने दिया इस्तीफा। नामीर अली ने कहा ऐसा पहली बार नही हुआ है पिछ्ले कही वर्षो से कही शिक्षो ने आपनी नौकरी से इस्तीफा दिया है। वही प्राचार्य शशी कुमार ने आपने स्कूल के चपरासी तक का नही बक्शा। स्कूल के चपरासी राजेंद्र एक गरीब घर का है उसका महीनो भार का वेतन को भी प्राचार्य शशी कुमार ने डकार दिया।



वही छात्र नेता नामीर अली ने कहा डीएवी स्कूल में कार्य कर रहे कही शिक्षो से बात चीत करने के बाद नामीर अली ने कहा स्कूल नियम के तहत जो छूटी लि जाती है शिक्षा द्वारा जिसमे चार से पांच दिन का सीएल रहता है जो हर स्कूल में दिया जाता है। लेकिन यह उस नियम को दरकिनार कर उन शिक्षको का पैसा को भी अकाउंटेंट और प्राचार्य मिलकर हेरा फेरी करते हैं। नामीर अली ने कहा हर साल शिक्षा विभाग द्वारा मेंटेंस के लिए राशि दी जाती है। लेकिन उस राशि को आज तक स्कूल कार्य में नही लगाया गया। वही नामीर अली ने कहा की पिछ्ले वर्ष प्राचार्य शशी कुमार ने शौचालय निर्माण के लिए राशि भी बच्चों के मां बाप से जमा करवाई थी।

लेकिन आज तक इसका हिसाब नही है। अली ने बताया कि ऐसी एक मामला नही कही मामले है जो प्राचार्य शशी कुमार इसको बाहर आने नही देते है। वही छात्र नेता नामीर अली ने जिला प्रशासन से मांग की है तत्काल ऐसे प्राचार्य को हटाए जाएं। अन्यथा वो एनएसयूआई संगठन के साथ मिलकर आंदोलन करने की बात कही है।

### भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल में पेंशन समाधान शिविर संपन्न

**उत्तर बस्तर कांकेर, 6 जनवरी।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिले के विकासखण्डों में जिला कोषालय द्वारा लंबित पेंशन प्रकरणों के समाधान के लिए पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल में पेंशन समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि शिविर में कुल 05 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे पशु विभाग के एक प्रकरण न्यायालय प्रकरण होने के कारण प्रत्याशित पेंशन दिए जाने का सुझाव दिया गया है। कृषि विभाग भानु अंतर्गत एक मृतक कर्मचारी का सीपीएस लॉगिन संबंधी समस्या आ रही थी जिसका मौके पर निराकरण किया गया। हायर सेकेंडरी स्कूल कोड़ेकुर्से के एक प्रकरण में नॉमिनी द्वारा ओपीएस विकल्प चयन किया गया था जिसका परिवार पेंशन तैयार किए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बीएमओ दुर्गूकोंदल के अंतर्गत एक कर्मचारी का जन्म तिथि में त्रुटि सुधार के लिए संयुक्त संचालक कोष लेखा पेंशन जगदलपुर को प्रकरण प्रेषित करने निर्देश दिए गए। साथ ही एक प्रकरण में परिवार पेंशन तैयार करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा कोषालय अधिकारी पेंशनर समाज के बैठक में भी सम्मिलित हुए जिसमें 2 आवेदन प्राप्त हुए। एक प्रकरण में पीपीओ नंबर का सुधार संयुक्त संचालक कोष लेखा पेंशन जगदलपुर से कराया जायेगा। इसके अलावा परिवार पेंशन के एक प्रकरण में जीवित प्रमाण पत्र अपलोड करने संबंधी बैंक से सम्पर्क कर निराकरण किया जाएगा। शिविर में जिला कोषालय अधिकारी श्री रामानंद कुंजाम सहायक कोषालय अधिकारी संगीता कावड़े उप कोषालय अधिकारी लुमन साहू एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# महिला उत्पीड़न निवारण समिति ने किया महिला सुरक्षा संबंधी कानूनी जानकारी विषय पर परिचर्चा का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 6 जनवरी।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर द्वारा गठित महिला उत्पीड़न निवारण समिति द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के मार्गदर्शन में डॉ. बसंत नाग संयोजक्त के नेतृत्व में तथा सदस्य प्रो. ऋचा सगने, प्रो. अलका केरकेट्टा, डॉ. हेमलता साहू के सहयोग से परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. बसंत नाग ने कहा कि आज परिस्थिति में महिलाओं को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। समाज के भय और परिवार के दबाव के कारण अपनी बातों को खुल कर नहीं कह पाते। शिक्षा और कानून और सजगता द्वारा अपनी समस्याओं को निदान कर सकते है। इसके लिए लड़कियों को मुखर होना पड़ेगा। अनुशासित और शालिन रहते हुए हम अपनी सुरक्षा कर सकते हैं। महिला उत्पीड़न को रोकने के लिये भारतीय सविंधान में कई प्रावधान है इनकी जानकारी होनी चाहिये। विधि विभाग के प्राध्यापक ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी प्रदान की जिसमें पास्को एक्ट, कार्य स्थल पर महिला उत्पीड़न, गुड टच और बैड टच के संदर्भ में, घरेलू हिंसा, महिलाओं से संबंधित कानूनो के संशोधित स्वरूप एवं धारा 354, 376, 349 पर विस्तार से चर्चा की। विधि विभाग के प्राध्यापक डॉ. अनुपमा पटेल ने महिला उत्पीड़न के विभिन्न प्रकार के स्वरूपों एवं प्रकारों को बताते हुए कहा कि पांच प्रकार के उत्पीड़न होते है जिनमें मानसिक, शारीरिक, आर्थिक, यौन, ख्याति अगर इस प्रकार से कोई भी व्यक्ति किसी को प्रताडित कर रहा हो तो आप अपनी शिकायते दर्ज कर सकते है। छात्र-छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिये विभिन्न प्रश्न किये जिनमें लैंगिक भेदभाव, पॉस्को एक्ट, छेड़छाड़, मानसिक उत्पीड़न, ब्लैकमेल, इन प्रश्नों के उत्तर बखूबी से प्राध्यापको के द्वारा दिया गया। और रोकने के उपाय भी बतलाये। इस अवसर पर सुश्री लुब्धेश्वरी साहू ने कहा कि लड़कियों को किसी भी परिस्थति में सजग रहते हुये कानूनी जानकारी की आवश्यकता है। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. बसंत नाग और आभार प्रदर्शन प्रो. अलका केरकेट्टा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. शरद ठाकुर, पुनित राम उइके, चंचल पटेल, आयुष वर्मा, दिलेश कुमार साहू, लेखनी मिश्रा, गीतांजली सेन, प्रतिभा, संजिता सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### सरोना कॉलेज में विकसित भारत संकल्प पर हुई निबंध लेखन प्रतियोगिता

**कांकेर 6 जनवरी।** शासकीय महाविद्यालय सारोंना (साल्हेभाट) में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत अभियान को सार्थक बनाने तथा छात्र-छात्राए अपने भविष्य के भारत से जुड़े विचार को प्रस्तुत करने हेतु निबंध प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक प्राध्यापक भूगोल ललित ठाकुर द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए विकसित भारत संकल्प के उद्देश्यों एवं महत्व की संक्षेप में चर्चा किया। युवाओं को देश के विकास हेतु योगदान देने के लिए शुभकामनाएं देते हुए । 2047 में भारत कैसा हो शीर्षक पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का प्रारंभ किया । इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के संजय ,मेघराज, शीतल ,मयंक, चंद्रिका, प्रतिभा, अनामिका, निकिता, मुस्कान, त्रिलोचना, रागिनी, चंद्रकला, लाची, दुर्गा आदि प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**एक नजर**

## बालसमुंद रायगढ़ में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई




**रायगढ़, 6 जनवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के भंडारण, निर्माण, परिवहन पर लगातार कार्यवाही जारी है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग रायगढ़ द्वारा बालसमुंद में बड़ी कार्यवाही की गई है। यहां नाले व तालाब किनारे से 138 प्लास्टिक डिब्बों में कुल 2070 किलो ग्राम महुआ लाहन, शराब बनाने के उपकरण और 10 लीटर अवैध महुआ शराब लावारिस हालत में बरामद कर नष्ट की गई तथा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत लावारिस प्रकरण कायम किया गया। आरोपियों की पतासाजी के प्रयास जारी है। उक्त कार्यवाही में वृत्त रायगढ़ शहर प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक हाबिल खलखो के द्वारा की गई, जिसमें आबकारी आरक्षक तुलेश्वर राठौर, प्रवीण जांगड़े एवं महिला नगर सैनिक सरोज कंवर का योगदान रहा।

## साईं का प्रसाद लेने श्रद्धालुओं की लगी लंबी कतार

**पत्थलगांव, 6 जनवरी।** शिरडी के साईं बाबा का प्रसादालय की तर्ज पर ही शहर के साईं भक्तो द्वारा माह के प्रथम गुरूवार को साईं खिचडी के प्रसाद का आयोजन किया जाता है। माह के प्रथम गुरूवार को साईं खिचडी का प्रसाद लेने मंडी प्रांगण मे श्रद्धालुओ की लंबी कतार देखने को मिलती है। लगभग पांच वर्षो से यह सिलसिला लगातार चलते आ रहा है,शिरडी के साईं बाबा के भक्त की संख्या शहर मे काफी अधिक है। उनके द्वारा शिरडी के साईं की तर्ज पर ही यहा प्रसाद एवं अन्य आयोजन संपन्न कराये जाते है। प्रत्येक वर्ष साईं जन्म का आयोजन कर साईं पालकी एवं साईं की विशाल शोभायात्रा भी निकाली जाती है। जनवरी माह का प्रथम गुरूवार के तहत साईं खिचडी का आयोजन किया गया,मंडी प्रांगण मे सुबह से ही विविध प्रकार की पूजा पाठ चल रही थी,निश्चित समय मे साईं खिचडी का प्रसाद भक्तो को वितरण करना शुरू किया गया,देखते ही देखते मंडी परिसर मे सैकडो भक्तो की लंबी कतार लग गयी। सभी ने एक कतार मे खडे होकर साईं खिचडी का प्रसाद ग्रहण किया। साईं भक्त पवन वैष्णव ने बताया कि आज से कुछ वर्ष पूर्व शहर मे साईं भक्तो की संख्या बहुत कम हुआ करती थी,उस समय गिने चुने लोगो ने साईं भक्ति की ज्योत जलाते हुये यहा साईं खिचडी के प्रसाद की शुरूवात करी,जिसके बाद साईं भक्तो की संख्या मे काफी वृद्धि देखने को मिली। अब हर माह के प्रथम गुरूवार को साईं खिचडी के आयोजन मे साईं भक्तो का हुजुम इकटठा होने लगा है। सैकडो किलो अनाज की साईं खिचडी बनायी जाती है,जिसे भक्तो के बीच वितरित किया जाता है,उन्होने बताया कि आगामी समय मे साईं मंदिर का निर्माण करने की भी रूपरेखा तैयार की जा चुकी है। उनका कहना था कि कुछ वर्षो के अंतराल मे ही साईं भक्तो की कतार काफी लंबी हो गयी है।

## बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन और पौष्टिक आहार देना सुनिश्चित करें: कलेक्टर



**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने शुक्रवार शाम को महिला एवं बाल विकास विभाग की विस्तृत समीक्षा कर विभाग द्वारा चलाए जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुपोषित बच्चे न रहें। उन्हें बेहतर और पौष्टिक भोजन देना सुनिश्चित करें और बच्चों का वजन उम्र के अनुसार बढ़ाएं। कलेक्टर ने जिले में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर शीघ्रता से भर्ती करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी रिक्त पदों की प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर प्रारम्भ करें। समीक्षा के दौरान बच्चों के कुपोषण स्तर को सुधारने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं एवं नियमित रूप से बच्चों का वजन माप कर उनकी समीक्षा करने कहा गया। कलेक्टर ने यह भी कहा कि आंगनबाड़ी के पर्यवेक्षक यह सुनिश्चित करें कि बच्चों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहे। केन्द्रों का निरीक्षण करें। हर आंगनबाड़ी केन्द्रों में गैस सिलेण्डर से ही खाना पकाएं। केन्द्रों में साफ-सफाई सुनिश्चित हो तथा सभी केन्द्र समय पर खुले तथा होम विजिट सुनिश्चित करें। उन्होंने पोषण ट्रेकर के माध्यम से अन्य सूचकांकों का विश्लेषण किया।कलेक्टर मलिक ने कहा कि प्रत्येक माह कम से कम एक बार सभी पर्यवेक्षक, एएनएम, मितानिन, बीएमओ और परियोजना अधिकारी बैठक कर गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं एवं एनीमिक महिलाओं के स्वास्थ्य पर योजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, मिशन वात्सल्य योजना, नोनी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं कन्या विवाह योजनाओं का लाभ सभी पात्र महिलाओं व हितग्राहियों को देना सुनिश्चित करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भी इन योजनाओं का लाभ दिलाएं। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अप्रारम्भ कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय, पेयजल, बिजली, पंखा आदि की समुचित व्यवस्था नहीं है, वहां व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडेय, सभी परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आकांक्षी जिला समन्वयक व यूनीसेफ के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### बिल्डिंग में टॉयलेट के अलावा पर्यावरण की नहीं लिया एनओसी

# नर्सिंग एक्ट का रजिस्ट्रेशन नहीं, फिर भी गंभीर बीमारियों की जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 6 जनवरी।** शहर के भितर एक दर्जन से भी अधिक मेडिकल लैब संचालित की जा रही है,इनमे से अधिकांश संचालको के पास नर्सिंग होम एक्ट का रजिस्ट्रेशन तक नही है,ये किराये की छोटी बडी दुकानो मे अपना व्यापार चलाकर बगैर रजिस्टेऊशन के ही गंभीर से गंभीर बिमारीयों की जांच कर उसकी रिपोर्ट मरीज को थमा दे रहे है,उनके इस व्यापार मे चिकित्सा विभाग भी पूरी तरह साथ निभाने मे लगा हुआ है,मिली जानकारी के अनुसार ऐसे लैब संचालको पर उनके आवश्यक दस्तावेजो की जांच करने का जिम्मा चिकित्सा विभाग का है,परंतु यहा का चिकित्सा विभाग शुरू से ही अपनी लचर कार्यप्रणाली के कारण मरीजो की परेशानी का कारण बने रहता है। बताया जाता है कि यहा संचालित कुछ अवैधानिक मेडिकल जांच लैब मे केंसर जैसी गंभीर बिमारी का भी बडी ही आसानी से जांच कर उसकी रिपोर्ट मरीज को दे दी जाती है। बताया जाता है कि मेडिकल की जांच लैब चलाने के लिए संचालक को पहले अपने भवन के अलावा पर्यावरण से अनुबंध भी लेना पडता है,परंतु यहा नर्सिंग होम एक्ट की खुलकर धज्जियां उडायी जा रही है। एक मरीज ने अपना नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि एक निजी पैथोलॉजी लैब वाले ने उसके ब्लड ग्रुप को ही बदलकर दूसरे ब्लड ग्ररुप की जानकारी प्रदान कर दी थी,बाद मे उसके द्वारा जब सिविल हॉस्पिटल मे अपने ब्लड ग्रुप की जांच करायी गयी तो वहा माजरा कुछ और ही निकला,इस तरह पैथोलॉजी लैब के संचालक नर्सिंग एक्ट की धज्जियां उडाने के साथ-साथ मरीजो की जान के साथ भी खुलकर खिलवाड कर रहे है।

**तीन केटेगरी की लैब-**ःनर्सिंग एक्ट होम के तहत पैथोलॉजी लैब को तीन केटेगरी मे बाटा गया है,जिसके तहत पहली केटेगरी मे कलेक्शन सेंटर,दूसरी केटेगरी मे लार्ज लैब एवं तीसरी केटेगरी मे स्मॉल लैब आती है। यहा के अधिकांश लैब संचालको के पास रूटीन चेकअप के साथ स्मॉल लैब का रजिस्टैऊशन है जबकि स्मॉल लैब मे मात्् रूटीन टेस्ट के तहत शुगर,सी.बी.सी,एच व्ही,मलेरिया, टायफाईड की जांच कर सकते है,

इसी तरह लार्ज लैब मे लिवर,किडनी,रिपिड प्रोफाईल,हॉर्मोन एवं एच.बी.ए.वन सी जैसी गंभीर बिमारीयों की जांच हो सकती है,वही कलेक्शन सेंटर मे मात्् ब्लड कलेक्ट कर उसे लैब मे जांच करने भेजा जाता है,परंतु यहा स्मॉल लैब का रजिस्टेऊशन मे कैंसर जैसी गंभीर बिमारी की जांच कर रिपोर्ट थमा दी जा रही है।।

**ग्रामीणों से हो रही मनमानी वसूली-** आदिवासी बाहुल्य ईलाका होने का यहा के निजी लैब संचालक बखुबी फायदा उठा रहे है। छोटी सी किराये की दुकान मे बगैर संसाधनो के लैब संचालित कर रहे है,उनकी लैब मे जांच करने के लिए किसी प्रकार की मशीने उपलब्ध नही है,ये पुराने तरीके से बिमारीयों की जांच कर कम्प्युटर से जांच रिपोर्ट बना देते है। जांच के नाम पर ये ग्रामीण क्षेत्र से आये मरीजो से मनमाने रूपयो की वसूली कर रहे है।
उसके बाद भी उनके इन कारनामो पर लगाम चिकित्सा विभाग के एक भी बडे अधिकारी ने आज तक अपना ध्यानाकर्षण नही किया।।

--मरीजो के स्वास्थ्य से कोई भी झोलाछाप डॉक्टर या अवैधानिक पैथोलॉजी लैब के संचालक खिलवाड करते है तो उसके लिए ब्लाक मेडिकल ऑफिसर को जांच एवं कार्यवाही के स्पष्ट निर्देश दिये गये है,वो पुलिस एवं राजस्व की टीम के साथ ऐसी जगहो पर जाकर जांच एवं उचित कार्यवाही कर सकते है,मै पुनः ब्लाक मेडिकल अधिकारी को निर्देशित करूंगा।

डॉ रंजीत टोप्पो-जिला चिकित्सा अधिकारी-जशपुर

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से लाभान्वित हो रहे जनसामान्य

**रायगढ़, 6 जनवरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में भारत सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के साथ ही जनसामान्य को लाभान्वित किया जा रहा हैं। वहीं लाभार्थी मंच पर आकर मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से शासन की योजनाएं कितने फायदेमंद हैं अपने अनुभव भी साझा कर रहे हैं। साथ ही अन्य लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित भी कर रहे हैं।




विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आज विकासखंड पुसौर के ग्राम पंचायत त्रिभौना में लगे शिविर में श्रीमती संतोषी यादव ने बताई कि उन्हें प्रधान मंत्री मातृत्व योजना के लाभ मिलने से 5 हजार तीन किस्तों में प्राप्त हुआ था, जिससे गर्भवती के दौरान उन्हें आर्थिक रूप से काफी सहयोग मिला। इसी प्रकार श्रीमती कुमारी बारीक ने बताया कि प्रथम गर्भवती होने पर उन्हें शासन द्वारा मातृत्व योजना का लाभ मिला और प्रथम किस्त में 1 हजार तथा 2 हजार के दो किस्त मिले हैं, जिससे पोषण आहार में सुविधा मिली। उन्होंने प्रधानमंत्री को मातृत्व योजना के संचालन के लिए धन्यवाद दिया। वृद्ध सहोद्रा चौहान ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। जिससे आज उनके पास खुद का पक्का मकान है। उन्होंने बताया कि पहले कच्चे मकान में मात्र एक कमरा था और खासकर बरसात के दिनों में बहुत तकलीफ होती थी। लेकिन अब वे सारी तकलीफ पीएम आवास मिलने से दूर हुई। सरिता सिदार ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पीएम आवास मिलने से हमारा पूरा परिवार हंसी-खुशी पक्के मकान में रह रहे है। पूर्व में कच्चे मकान में बहुत तकलीफ होती थी, बरसात का पानी पूरे दीवाल में रिसता था, कीड़े-मकोड़ों का डर भी बना रहता था, लेकिन आज वह डर खत्म हो गई और आज पूरा परिवार पक्के मकान में सुरक्षित महसूस करते है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कल होंगे यहां शिविर

विकसित भारत संकल्प यात्रा का डिजीटल रथ कल 6 जनवरी को जिले के इन गांवों में पहुंचेगी। जहां शिविर के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इनमें धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-भोजपुर एवं खम्हार, घरघोड़ा के छोटे गुमड़ा एवं नवागढ़, खरसिया के बड़े कुनकुनी एवं टेमटेमा, लैलूंगा के कुंजारा एवं ढोर्रोबीजा, पुसौर के नवापारा अ एवं बाघाडोला, रायगढ़ के कुशवाबहरी एवं पंडरीपानी पश्चिम तथा विकासखण्ड तमनार के धौराभांठा एवं तिवरा शामिल है।

## राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक

**रायगढ़, 6 जनवरी।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ के आरोग्यम सभाकक्ष में राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एन मण्डावी के निर्देशन में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन डब्ल्यूएचओ के जोनल क्वार्डीनेटर डॉ. स्नेहाश्री की उपस्थिति में आयोजित हुआ। जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी. कुलवेदी ने राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा ली एवं फरवरी माह में होने वाले विशेष कार्यक्रम फाईलेरिया सामुहिक दवा सेवन कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार 10 फरवरी से 28 फरवरी 2024 को फाईलेरिया दवा सेवन कार्यक्रम के तहत हांथीपांव की दवाई खिलाई जानी है, जिसमें दिनांक 10 से 15 फरवरी तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूल, कालेज, तकनीकी संस्थानों, के साथ-साथ सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में बूथ लगाकर हांथीपांव की दवा खिलाई जावेगी। साथ ही 16 से 25 फरवरी तक गृह भेट कर घर-घर जाकर दवा सेवन एवं शेष छुटे हुए व्यक्तियों को मॉप-अप राउंड में 26 से 28 फरवरी तक दवा का सेवन कराया जावेगा। यह कार्यक्रम कुल 19 दिवस का होगा जिसमें जनसंख्या के 100 प्रतिशत आबादी में से 85 प्रतिशत आबादी लक्षित आबादी होती है उनको दवा सेवन कराने पर विशेष जोर दिया गया। 15 प्रतिशत आबादी जिनको दवा सेवन से वंचित रखा गया है उसमें मुख्य रूप से डीईसी दवाई हेतु 0 से 2 वर्ष तक के बच्चे, ईवरमेक्टिन दवा हेतु 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे, अति गंभीर पीडित व्यक्तियों, इसमें गर्भवती महिला, स्तनपान कराने वाली महिला, गंभीर बीमारी से पीडितों को दवा न दिया जावें।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक

**महासमुंद।** वर्तमान में 28 जलाशयों में रबी सिंचाई के लिए जल भराव उपलब्ध है। कृषकों के मांग एवं जल भराव के आधार पर कोडार सहित अन्य जलाशयों से रबी सिंचाई के लिए 37 ग्राम के 1047 हेक्टेयर क्षेत्र में पानी दिया जाएगा। कोडार जलाशय बांध में खरीफ फसल सिंचाई के पश्चात अब तक 76.62 मेट्रिक घन मीटर जलभराव शेष है। ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी तालाबों को जल प्रदाय एवं न्यूनतम जल आरक्षण के लिए सुरक्षित रखने के उपरांत लगभग 32.46 मेट्रिक घन मीटर पानी का उपयोग रबी सीजन में किया जाएगा। कलेक्टर प्रभात मलिक की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट के महानदी सभाकक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक हुई। बैठक में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व सरायपाली विधायक चातुरीनंद विशेष रूप से उपस्थित रहें। कलेक्टर मलिक ने जिले के वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई जलाशयों से रबी फसल सिंचाई तथा निस्तारण के लिए आवश्यक जल को सुरक्षित रखने के संबंध में समीक्षा की। बैठक में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि किसानों की मांग और जलभराव के आधार पर रबी फसल सिंचाई के लिए किसानों को जल प्रदाय किया जाए। उन्होंने कहा कि नहर में जल प्रवाह के दौरान किसी तरह नहर के तटों को काटकर पानी के उपयोग पर पाबंदी लगाया जाए।

# पदभार ग्रहण करते ही कलेक्टर ने नक्सल पीड़ित महिला की समस्या का निदान करने दिया निर्देश



**बीजापुर 6 जनवरी ।** नवपदस्थ कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही केतुलनार निवासी श्रीमती पार्वती सोढ़ी से मुलाकात हो गई। पहली फरियादी के रूप में नक्सल पीड़ित महिला की समस्या को सुन कर कलेक्टर ने तत्काल सम्बधित अधिकारी को तलब कर समस्या के निदान करने का निर्देश दिया। केतुलनार निवासी नक्सल पीड़ित महिला को शासकीय सहायता के रूप में 5 लाख रूपए प्राप्त हुआ है जिसका लाभ उन्हे नहीं मिल पा रहा था। पार्वती को ईलाज और मकान के लिए राशि की आवश्यकता थी किन्तु एफडी तीन वर्ष के लिए फिक्स किया गया था जिसका उपयोग समयावधि के बाद ही किया जा सकता था। पार्वती की समस्या को सुनकर कलेक्टर ने तत्काल सम्बन्धित अधिकारी को समस्या का निदान कर निराकरण करने का निर्देश दिया। श्रीमती पार्वती के पुत्र श्री समलु सोढ़ी ने बताया कि दो साल पहले उनके पिता की नक्सलियों ने हत्या कर दी थी उसके बाद से हमारे परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो गई थी। घर में ईलाज और मकान बनाने के लिए पैसे नहीं थे और शासन द्वारा प्राप्त मुआवजा का उपयोग हमारा परिवार नहीं कर पा रहा था। जिसके लिए आज हमने कलेक्टर महोदय से निवेदन किया और हमारी समस्या निराकरण होने की आश्वासन मिला जिससे हम लोगों को बहुत राहत मिली है जिसके लिए हम नवपदस्थ कलेक्टर महोदय का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

# वृंदावन विद्यालय में त्रिदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा, छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय में त्रिदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विद्यालीन छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट कर किया गया। संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा रिबन काट कर व पित्तुल गेंद खेल कर प्रतियोगिता प्रारंभ करने के लिए हरी झण्डी दिखाया गया। वर्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास के साथ उनका आत्मबल व धैर्यता के गुण को बढ़ाना था। तत्पश्चात रेड, ब्लू, ग्रीन, व यलो हाऊस के मध्य व कक्षा के अनुसार नर्सरी से कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों ने विविध प्रतियोगिता कबड्ड़ी, क्रिकेट, कुर्सी दौड, सुई धागा दौड, चम्मच बांटी दौड, गुब्बारा दौड़, रस्सीकस, रस्सी कूद, खो-खो, इत्यादि खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जीत



हासिल किया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में कक्षा चौथी, पांचवी व छटवी के विद्यार्थियों सत्विका वर्मा, कुमुद पटेल, तनमित खन्ना, आनंन्दी कश्यप, द्रोणिका वर्मा, धनलक्ष्मी साहू, अनुश्री अग्रवाल, आयुषी मलेवर द्वारा विविध वार्षिक उत्साहवर्धक नृत्य प्रस्तुत किया गया। संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन द्वारा प्रसिद्ध रचनाकार हरिवंश राय बच्चन द्वारा रचित कविता लहरों से डरकर नौका पार नही होती, के माध्यम से बच्चों को प्रेरित कर जीवन में ईमानदार रहने के लिए व कोशिश करने के लिए प्रेरित किया। संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा बच्चों को क्रीड़ा में हार से न घबराने व पुनः प्रयत्न कर जीत हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उपपाचार्या इन्दु मिश्रा द्वारा सिक्के के दो पहलू की तरह जीवन के दो पहलू हार व जीत पर बच्चों को विविध ज्ञान प्रदान किया गया। वरिष्ठ शिक्षिका विजय लक्ष्मी राव व आशा ज्योति डोरा द्वारा बच्चों को खेल के लाभ से अवगत कराया गया। विद्यालय की शिक्षिका रेखा साहू, जागृति साहू, संध्या सोना द्वारा वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता के सफल प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन काजल ठाकुर व भूमिका वर्मा एवं आभार प्रदर्शन इंदू मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का समापन बच्चों को चाकलेट वितरण कर एवं राष्ट्रगान गाकर किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं आश ज्योति डोरा, उर्मिला अग्निहोत्री, विजय लक्ष्मी राव, अमृता चन्द्राकर, रेखा साहू, काजल ठाकुर, जागृति साहू, संध्या सोना, दमिनी वैष्णव, शुसमा साहू, वर्षा चन्द्राकर, साधना राठौर, एम रजनी, ललिता सिंग राजपुत, भूमिका वर्मा, मोनिषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदिनि साहू, अंशु यादव, चन्दना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, जाबिर खान, लक्ष्मी नारायण साहू एवं भृत्यागण उत्तरा साहू, रूखमणी नंन्दे, राजकुमारी साहू, मनीषा मानीकपुरी, राकेश्वरी जगत, देवकी वैष्णव एवं शकुनतला का योगदान रहा।

## सुशासन का सूर्योदय की भावना से कार्य करें:अनुराग पाण्डेय



**बीजापुर 6 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** नवपदस्थ कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात जिले के सभागार में अधिकारियों की पहली बैठक लेकर प्रशासन के कार्यो में पारदर्शिता और सुशासन लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप सुशासन का सुर्योदय लाने में प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है इस भूमिका का निर्वहन हमें जिम्मेदारी से पूरा करना है। शासन प्राथमिकताएं तय करती है और उसका बेहतर क्रियान्वयन जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों को करना होता है इसके लिए हमें गंभीरतापूर्वक कार्य करना है।जिला सभागार में आयोजित बैठक में स्वागत और परिचय के पश्चात नवपदस्थ कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने धान खरीदी की समीक्षा की जिसमें जानकारी दी गई की अब तक 12 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया गया है। लक्ष्य 11 लाख 38 हजार मीट्रीक टन लक्ष्य जिले में है जिसे किसानों को टोकन देकर प्रगति में लाया जा रहा है। धान बोनस का भुगतान ऑनलाईन माध्यम से लाभार्थियों को किया जा चुका है कुछ किसानों के बैंक खाते त्रुटिपूर्ण होने से सुधार की प्रक्रिया जारी है। कलेक्टर ने कहा कि समय-सीमा में शासन के निर्देशों के अनुरूप धान उठाव की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाय तथा किसानों के त्रुटिपूर्ण खाते सुधार कर भुगतान की कार्यवाही पूर्ण की जाये। कोरोना महामारी को लेकर सीएमएचओ श्री अजय रामटेके ने जानकारी दी कि जिले में कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है। प्रतिदिन आरटीपीसीआर के सैम्पल जांच के लिए भेजे जा रहे है। पॉजिटीव्ह मरिजों के लिए गाईडलाईन अनुरूप कार्यवाही की जा रही है। लीड बैंक मैनेजर ने जिले में बैंकों के संचालन की स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि जिले में 39 बैंक संचालित हैं जिनके माध्यम से लाभार्थियों के भुगतान की कार्यवाही की जाती है। कलेक्टर ने कहा कि बैंक नागरिक सुविधाओं के लिए होती है अतः बैंकिंग सेवाओं का विस्तार अंतिम व्यक्ति तक हो यह सूनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने कहा कि समस्त निर्माण कार्यो एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में नागरिक सूचना पटल होना अनिवार्य है ताकि जनता और विभाग के बीच पारदर्शिता में स्पष्टता रहे। ग्रीष्मकाल से पूर्व जल आपूर्ति एवं जल संरक्षण की समीक्षा कर उसके बेहतर क्रियान्वयन की रूप रेखा बनाकर पेयजल सुविधा को समय से पूर्व दूरस्थ किया जाये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू, एसडीएम श्री पवन कुमार प्रेमी, डिप्टी कलेक्टर श्री विकास सर्वे, श्री उत्तम पंचारी, श्री दिलीप उईके सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## निवर्तमान कलेक्टर राजेन्द्र कुमार को दी गई आत्मीय विदाई



**बीजापुर 6 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** बीजापुर से स्थानांतरित होकर संचालक एससीआरटी के पद पर पदस्थ किये गये 2013 बैच के आईएएस श्री राजेन्द्र कुमार कटारा को जिला कार्यालय में भावभिनी विदाई दी गई। इस अवसर पर जिले के अधिकारियों ने निवर्तमान कलेक्टर श्री कटारा के कार्यकाल को अविष्मरणीय और जनहितकारी बताते हुए उनके कार्यकाल की भूरी-भूरी सराहना की।जिला के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने कहा कि बीजापुर जिला संभावनाओं से परिपूर्ण युक्त जिला है यहां काम करना एक सुखद अनुभव है। जहां चुनौतियां होती है वहां मिशन मोड़ में कार्य करना होता है और हमने योजनाबद्ध तरीके से सभी विभागों से समन्वय कर अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को ले जाने का प्रयास किया है। शिक्षा, सड़क, बिजली, ग्रामीण विकास एवं संचार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जो कार्य हो पाये हैं उनमें जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका सराहनीय है। प्रशासन में बेहतर कार्य करने के लिए तनावमुक्त होकर स्पष्ट लक्ष्य के साथ समन्वय बनाकर कार्य करना आवश्यक होता है इस तरह का वातावरण जिले में तैयार किया गया है जिसका परिणाम हम सब देख रहे हैं। सकारात्मक सोच के साथ कोई भी कार्य किया जाये तो छोटी-मोटी बाधाएं मायने नहीं रखती और हमें सफलता के अंतिम छोर तक ले जाती है। जिले में शासन की योजनाओं का विस्तार पहुंचविहीन और दूरस्थ ईलाकों में हम सबने किया इसका श्रेय जिले के अधिकारियों को जाता है। मेरा विश्वास है कि बीजापुर जिला आने वाले समय में राज्य के बेहतर जिलों में शामिल होगा और यहां के विकास कार्य जनमानस के लिए अनुकर्णी होंगे।इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू, एसडीएम श्री पवन कुमार प्रेमी, डिप्टी कलेक्टर श्री विकास सर्वे, श्री उत्तम पंचारी, श्री दिलीप उईके, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री केएस मसराम, सीएमएचओ श्री अजय रामटेके, डीईओ श्री बीआर बघेल सहित विभागीय अधिकारियों ने निवर्तमान कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के कार्यकाल की भूरी-भूरी प्रशंसा कर नई पदस्थापना के लिए शुभकामनाएं देकर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## कुरूष के जंगल से विस्फोटक सहित 1 संदिग्ध गिरफ्तार

**बीजापुर 6 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** दिनांक 04/01/2024 को अभियान के दौरान कुरूष के जंगल में पुलिस पार्टी को देखकर लुकते छिपते भागते 01 संदिग्ध को पकड़ा गया जिसके पास से 01 थैला में इलेक्ट्रीक डेटोनेटर, कार्डेक्स वायर,जिलेटिन स्टीक, स्वीच, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री पाम्पलेट एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया। पूछताछ पर अपना नाम आयतु परसीक (मिलिशिया सदस्य)पिता सन्नू परसीक उम्र 33 वर्ष जाति मुरिया निवासी कुरूष थाना गंगालूर जिला बीजापुर का होना बताया । पकड़े गये संदग्धि के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया है ।



## बीजापुर जिले में नव पदस्थ कलेक्टर पाण्डेय ने किया पदभार ग्रहण

**बीजापुर 6 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** 2009 बैच के आईएएस श्री अनुराग पाण्डेय ने बीजापुर जिला में 12वें कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने विधिवत रूप से कार्यभार सौंपा और नवपदस्थ कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय को नये दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर कार्यों की जानकारी ली।



## एक नजर

### नीलकंठ बने आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष, समाज प्रमुख ने दी बधाई



**छुरा, 6 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला गरियाबंद के छ.ग.सर्व आदिवासी समाज के जिम्मेदारी वर्तमान में प्रांतीय उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर को कमान सौपी है जो जिला में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अर्थात संयोजक बतौर कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे।सामाजिक संगठन के नये जिम्मेदारी को ठाकुर ने स्वीकार करते हुए प्रांतीय पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हर संभव प्रयास करते हुए संगठन में और बेहतर मजबूती लाने का आश्वस्त किया। इस मौके पर बधाई देने वाले में से प्रदेशाध्यक्ष पूर्व एस.पी.भरत सिंह, प्रदेश संयोजक पूर्व कलेक्टर बी.पी.एस.नेताम, प्रांतीय कोषाध्यक्ष पूर्व एस डी.एम.फूलसिंग नेताम महासचिव, पूर्व कलेक्टर हीरा लाल नायक, विन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम तोकेश्वरी मांझी जनपद अध्यक्ष, पूर्व जिला पंचायत सभापति पन्ना लाल ध्रुव, सरपंच संघ छुरा अध्यक्ष लेखराज धुरवा, सरपंच संघ अध्यक्ष मनीष ध्रुव गरियाबंद, संरक्षक छत्तर सिंह ठाकुर, उमेन्द्र सिंग सोरी, सर्व आदिवासी समाज के तहसील अध्यक्ष कौशल सिंह ठाकुर, रघुनाथ सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य थानेश्वर कंवर, शशी मुखी नेताम, संत राम नेताम, खिलेश्वरी ध्रुव, हेमलता ध्रुव, शांति नागेश, सरपंच बाबु लाल ध्रुव, सरपंच मनीष ध्रुव, रंजीत ठाकुर, समाजसेवी शीतला ध्रुव, संतोष सोरी, देवेश ठाकुर, नरेन्द्र ध्रुव, अवध मरकाम, मोहन लाल ठाकुर, संत, सुधे ठाकुर, शिव दर्शन ध्रुव, कोमल ध्रुव, बृजलाल ध्रुव, भगवान सिंह ध्रुव, प्रेम लाल, शिव शंकर, समाजसेवी रेखराम ध्रुव, देवेश ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर सहित समाज प्रमुखों ने बधाईयाँ दी।

### मोदी जैसे नेता ही कर सकते हैं भारत व भारतीयों का विकासः नरेंद्र तिवारी

**छुरा, 6 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश दुनिया को दिखा दिया है कि उनकी सोच समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों से मिलकर उनके बेहतरी के लिए क्या करना है चाहे नये संसद भवन निर्माण के कार्य में लगे मजदूर कारीगर, भारत मंडपम या फिर राम मंदिर निर्माण के लिए रात दिन मेहनत करने वाले मजदूर, स्वच्छता अभियान के स्वच्छता कर्मीयो, कोरोना महामारी में रात दिन सेवा करने वाले नर्सों से बात कर हौसला बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज करोड़ों जनता के दिलों में बसने लगे हैं ऐसा काम किसी भी प्रधानमंत्री ने नहीं किया है, अयोध्या के सकरी गली कूचे में पहुंच कर बच्चों से बात कर घूल मिलना अपने आप में बहुत ही गर्व की बात है। भाजपा नेता नरेंद्र तिवारी ने आगे कहां कि देश के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति का यूं एक साधारण परिवार में आत्मीयता से घुल-मिल जाना सामान्य नहीं है। यह सरलता, सहजता, अपनत्व और हर वर्ग के साथ सशक्त जुड़ाव ही मोदी जी के प्रति जनता के अगाध प्रेम और निष्ठा का कारण है।मोदी सरकार द्वारा खेल और खिलाड़ियों को मिल रहे प्रोत्साहन की बदौलत आज भारतीय खिलाड़ी, 'खेल जगत' में भारत का परचम लहरा रहे हैं।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए सांसद सुनील सोनी

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना यात्रा का मूल उद्देश्य

- **लाभांवित हितग्राहियों को किया गया विभिन्न सामग्रियों का वितरण, मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों ने साझा किए अपने अनुभव**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 6 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव आज सिमगा विकासखण्ड के ग्राम संजारी नवागांव, भाटापारा के ग्राम कोटमी एवं गुडेलिया पहुंची। शिविर में रायपुर लोकसभा के सांसद सुनील सोनी एवं भाटापारा पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा शिविर में पहुंचकर शिविर के उद्देश्यों के संदर्भ में जानकारी दी। सांसद सोनी व पूर्व विधायक शर्मा ने शिविर में लगे विभागीय स्टाल का अवलोकन किया। सोनी ने कहा कि केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा देश का सबसे बड़ा अभियान है। इस यात्रा का मूल उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं लाभ एवं जानकारी पहुंचाना है।

इस दौरान प्रभारी कलेक्टर नम्रता जैन, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरेंद्र बंजारा, अमित गुप्ता, जनपद सीईओ रोहित दुबे, रवि लाल गेंद्रे मौजूद रहे।

संकल्प यात्रा के मुख्य अतिथि सांसद सोनी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी आपके गांव में खड़ी है। ये मोदीजी की गारंटी वाली सरकार है। गारंटी में यहां 18 लाख आवास बनाने का कार्य प्रारंभ हो गया है। 2047 तक भारत विकसित भारत बनेगा। किसी को भी कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। समाज के अंतिम व्यक्तियों को शासन की प्रमुख योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ियों से भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल स्क्रीन, फ्लेक्स और पोस्टर के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने सभी ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों में ऐसे व्यक्ति जो शासन की योजना से अब तक वंचित रह गये थे उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अपील किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं। शिविर में अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ मिलकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्राम वासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया।



पूर्व विधायक शर्मा ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है कि जिनका पक्का मकान नहीं है उन्हें पक्का मकान मिलेगा। जल जीवन मिशन के तहत हर घर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि मोदी जी द्वारा दिए गए हर गारंटी पूरा होगा। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं। कार्यक्रम में सोनी ने विभागीय योजना स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉल प्रभारी और हितग्राहियों से चर्चा कर योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। इस मौके पर विभिन्न विभागों के लाभांवित हितग्राहियों को विभिन्न सामग्रियों का वितरण अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया। इसके साथ ही मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हीरा सिंह ध्रुव, सुरेश ध्रुव, मीना साहू, सहित अन्य हितग्राहियों ने अपने अनुभव सभी के साथ साझा किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सोनी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित लोगों को विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने के लिए शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति की गई।

नए फिटनेस सेंटर जिम का किया शुभारंभ निर्मल आदर्श ग्राम गुडेलिया में गोठान परिसर के नजदीक 4 लाख रूपये के लागत से बनाएं गए नए फिटनेस सेंटर जिम का फीता काटकर अतिथियों के द्वारा शुभारंभ किया गया। अतिथियों द्वारा फिटनेस सेंटर की जमकर प्रशंसा करते हुए सरपंच लोकेश ध्रुव की पीठ थपथपाई। फिटनेस सेंटर में विभिन्न प्रकार के उपकरण लगाए गए है। सेंटर प्रारंभ होने से युवाओं को अब दूर शहर भाटापारा जाने की जरूरत नही पड़ेगी। शिविर में सरपंच, संकेत अग्रवाल स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीण और बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे। गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए जा रहे हैं।

## ऊषापान से करना चाहिए दिन की शुरुवातः योगाचार्य



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 6 जनवरी।** शासकीय आदिवासी कन्या छात्रावास में निःशुल्क तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। जिसमे योगविद् अर्जुनधनंजय सिन्हा एवम योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा के द्वारा छात्रों को योग अभ्यास कराया जा रहा है। जिसमे सर्व प्रथम योगाचार्य मिथलेश सिन्हा द्वारा उन्हें मंत्रोच्चार के साथ सत्र का प्रारंभ कराया गया एवम सूक्ष्म अभ्यास योगिक जॉगिंग एवम योगिक नृत्य जुंबा, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, ध्रुवासन, बज्रासन, एवं आपके आध्यात्मिक भजन का अभ्यास करते हुए बताया गया कि सही विधि से योगाभ्यास करने से हमे फायदा जरूर होगा।योगविद अर्जुनधनंजय सिन्हा के द्वारा छात्रों को प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में बताते हुए कहा कि हमे दिन की शुरुवात ऊषापान से करना चाहिए, एवं भोजन के आधे घंटे बाद पानी पीना चाहिए, जितना हो सके अपक्व आहार मूली, गाजर, ककड़ी, अमरूद, मौसमी फल, सलाद आदि का सेवन करना चाहिए, योगविद् बच्चों को स्थित कोनासन, कोणासन, सिद्धासन, पद्मासन, चक्की चालन आसन, नौका चालन आसन, हास्यासन, सिंहासन, कपालभाती प्राणायाम, भस्त्रिका प्राणायाम, उदगीठ प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया साथ ही उन्हें योग के सावधानियों से भी अवगत कराया एवम प्रतिदिन योगाभ्यास करने हेतु प्रोत्साहित किया।

### मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार का आयोजन 8 को

**बलौदाबाजार, 6 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार भाटापारा के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों का सम्मान शिक्षादूत एवं ज्ञानदीप पुरुस्कार समारोह का आयोजन 8 जनवरी 2024 को जिला मुख्यालय स्थित मांगलिक भवन सिविल लाईन में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे से होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा जी अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, समाज सेवी विजय केसरवानी शिरकत करेंगे। उक्त जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी बी एल देवांगन के द्वारा दी गई है।

## अनाधिकृत मवेशी कांजी हाउस से ले जाने वालों पर कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 6 जनवरी।** पिछले दिनों बनसाँकरा पंचायत थाना सिमगा के काँजीहाउस से अनधिकृत मवेशीओ को बाहर निकाल कर ले जाने की शिकायत मिली जिसे गंभीरता से लेते हुए थाना सिमगा संबंधित सभी संदेही अनावेदको के विरुद्ध प्रतिबंधक कार्यवाही 151 ष्ह्रश्चष के तहत किया जाकर कार्यपालिका मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया. जनपद पंचायत सिमगा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से भी सिमगा थाना प्रभारी द्वारा ऐसे कांजी हाउस या गौशालाओ मे से बाहर जाने वाले मवेशीओ को विधिवत हीं बाहर लाया जाने के संबंध मे चर्चा कर भविष्य मे ऐसी परिस्थिति को निर्मित ना होने के संबंध मे उचित कार्यवाहीं का अनुरोध किया.. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जनमानस की भावनाओं को देखते हुए मवेशिओ की तस्करी जैसे किसी भी अवैधानिक प्रयास के विरुद्ध सिमगा पुलिस लगातार कार्यवाही करेगी.

अनावेदक के नाम समीर डहरिया पिता अंजोरदास डहरिया उम्र 23 वर्ष सा.दरचुरा। डेकसिंह चौहान पिता उदेराम चौहान उम्र 30 वर्ष साकिन बनसांकरा। गंगा सिंह पिता बिहारी सिंह ठाकुर उम्र 53 वर्ष साकिन बनसांकरा है।

## मतदाता सूची में नये नाम जोड़ने का काम शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरा, 6 जनवरी।** मुख्य निर्वाचन विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा नये मतदाता जोड़ने का काम 6 जनवरी से प्रारंभ होगा। इस हेतु सरस्वती शिशु मंदिर, जनपद पंचायत छुरा, नगर के बजरंग चौक पर प्रचार प्रसार किया गया।निर्वाचन विभाग से मिले जानकारी को साझा करते हुए समाजसेवी शीतल ध्रुव ने बताया कि फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 ÷06 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने पर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है नाम, स्थान, पता की गलत प्रविष्टि होने पर सुधार करवाया जा सकता है मृत अथवा स्थानांतरित मतदाता का नाम विलोपित करवाया जा सकता है नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया जा सकता है ज़ आधार नम्बर को मतदाता परिचय पत्र के साथ जोड़ा जा सकता है दिव्यांग मतदाता के रूप में स्वयं को चिन्हित करवाया जा सकता है ।मिथलेश कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए कहा कि 1 जनवरी के साथ साथ 1 अप्रैल, 1 जुलाई, और 1 अक्टूबर 2024 को भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप या वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से घर बैठे फॉर्म 6 भर कर अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। FORM-6B नवीन मतदाता बनने के लिएFORM-6B आधार से मतदाता पहचान पत्र जोड़ने के लिएFORM-7 मृत/स्थायी रूप से स्थानान्तरित मतदाताओं का नाम विलोपित करने के लिए FORM-8 मतदाता सूची में संशोधन / स्थानान्तरण / नया एपिक प्राप्त करने के लिए मतदान केंद्रों में विशेष शिविर तिथियाँ शनिवार, 13 जनवरी 2024 रविवार, 14 जनवरी 2024। अधिक जानकारी हेतु। https://voters.ecl.gov.in/ वोटर हेल्प लाइन 1950 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य संतोष वर्मा, टीकम मरकाम, हरीश शर्मा, जनपद पंचायत छुरा सीईओ अमजद जाफरी, कयाराम यादव, हेमलाल कंवर, गोपाल ध्रुव विकास सोनी, भुवनेश्वर ध्रुव, विकास आदि मौजूद थे।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDL.C.E (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

**E-TENDER NOTICE NO.-2687/2024**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced contractors for the work as mentioned below for DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East) :-

| S. N. | Tender Specification No. | RFx No.(E-Tender No.) | Particulars | Qty | Last date & time of bid submission | E.M.D. | Tender Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1606/ DSPM TPS/ S&P/ AE II/S&SCT-2967 /2024 | 8100035485 | "Deployment of Childcare Crèche female supervisor & Crèche care workers/ Aayas for crèche of DSPM TPS, Korba East." | As per schedule | 23.01.2024 up to 15:30 Hrs | Rs. 5620/- | 590/- including GST |

NOTES:-For more details, please visit our website at: –https://www.cspc.co.in. Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our CSPGCL's website only.

S.E (Contract)
DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST

SAVE ELECTRICITY

Samvad-39272/1


## राज्य के युवाओं को विभिन्न खेलों के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जाएगा : टंकराम वर्मा

- **राजस्व के लंबित सभी प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में निराकृत करने के दिए निर्देश**
- **राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने मंत्रालय में काम-काज संभाला**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 6 जनवरी।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने आज रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में पूजा-अर्चना कर अपना कार्यभार संभाल लिया है। इसके पश्चात मंत्री वर्मा ने खेल और राजस्व विभाग के विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने खेल प्रतिभागियों के लिए मूलभूत सुविधाओं के विकास, इसकी गतिविधियों और उपलब्ध खेल संस्थानों की जानकारी ली। मंत्री वर्मा ने कहा कि राज्य के युवाओं को विभिन्न विधाओं के खेल के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य के सभी खेल मैदानों का समतलीकरण के साथ-साथ मैदानों को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिले। ग्रामीण स्तर पर बने खेल क्लबों का पंजीयन करने के निर्देश उन्होंने दिये। इन खेल क्लबों को आवश्यकतानुसार अनुदान भी दिया जा सकेगा। खेल विभाग के बजट की जानकारी लेकर खेल गतिविधियों में तेजी लाने के यथाशीघ्र बजट प्रस्तुत करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। वर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए राजस्व के लंबित सभी प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।समय सीमा में निराकृत नही करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई संस्थित की जाएगी। इस मौके पर विभागीय सचिव भुवनेश यादव, विशेष सचिव रमेश शर्मा, संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम, खेल विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, संचालक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।


**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः**
**202312094500038**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024

रामाटोला प.ह.न. 00012 [ (हे) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-मनहरी मंडावी,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मनहरी मंडावी पिता बचनराम जाति गोंड, निवासी ग्राम रामाटोला, तहसील तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक अपनी दादी चैतीबाई पति केजुराम जाति गोंड का मृत्यु दिनांक 03.07.2006 को स्थान रामाटोला में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत रामाटोला में संधारित मृत्यु पंजी रजिस्ट्रार में दर्ज नहीं हो पाया है। आवेदक को अपनी दादी चैतीबाई पति केजुराम जाति गोंड का मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत रामाटोला में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत रामाटोला में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 10.01.2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/12/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
ला.ब.नगर



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः**
**202312092100052**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्:-2023-2024

अछोली (प.ह.नं. 00022),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- रीना जाना,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रीना जाना पति श्री तपन जाना जाति बंगाली कायस्थ, निवासी ग्राम अछोली, तहसील डोंगरगढ, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदिका द्वारा 29/09/2010 को विक्रेतागण से खसरा नंबर 882/11 में से 882/11 में से रकबा 0.03, 0.03 एकड़ (1500 वर्गफुट, 1500 वर्गफुट कुल 3000 वर्गफुट) भूमि क्रय किया गया था जिसका नामांतरण क्रमांक 32 दिनांक 29/09/2010 के माध्यम से करवाया गया जिस पर आवेदिका को खसरा नंबर 882/79, 882/80 जारी किया गया। आवेदिका अपने उपरोक्त क्रय किये गये भूमि पर क्रय दिनांक से आज पर्यन्त तक काबिज है। जिस समय राजस्व रिकार्ड ऑनलाईन किया गया तब तत्कालीन हल्का पटवारी द्वारा खसरा नंबर 882/79 भूमिका साहू पति महेन्द्र कुमार को जारी कर दिया गया तथा खसरा नंबर 882/80 अर्पणा जाम्बुलकर पति त्रिलोक जाम्बुलकर को जारी कर दिया गया। जिससे आवेदिका को जारी किया गया खसरा नंबर आज दिनांक को भूमिका साहू तथा अर्पणा जाम्बुलकर का दिखा रहा है जबकि जिस समय आवेदिका द्वारा प्रमाणिकरण करवाया गया था उस समय खसरा नंबर 882/79, 882/80 आवेदिका को दिया गया था जिसका पर्चा बनाकर दिया गया तथा मेनवल रिकार्ड में भी दर्ज किया गया था। उपरोक्त भूमि खसरा नंबर 882/79, 882/80 को आवेदिका के नाम से दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 19.01.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/12/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग महासमुन्द**

**मैन्वुअल पद्धति जोनल निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-26**

क्रमांक/26/निविदा/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2023-24 महासमुन्द दिनांक 04/01/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू.) में |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | जनपद पंचायत **महासमुन्द** अंतर्गत सिविल कार्य। | 20.00 लाख |
| 2 | जनपद पंचायत **बागबाहरा** अंतर्गत सिविल कार्य। | 20.00 लाख |
| 3 | जनपद पंचायत **पिथौरा** अंतर्गत सिविल कार्य। | 20.00 लाख |
| 4 | जनपद पंचायत **बसना** अंतर्गत सिविल कार्य। | 20.00 लाख |
| 5 | जनपद पंचायत **सरायपाली** अंतर्गत सिविल कार्य। | 20.00 लाख |

**(टीपः- उपरोक्त कार्यों के निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 19/01/2024)**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारियां विभागीय वेबसाईड **https://res.cg.gov.in** में दिनांक 04/01/2024 से डाउनलोड की जा सकती है।

जी-06909/4

कार्यपालन अभियंता

# मंत्री स्टाफ नियुक्त करने कवायद

## संघ और संगठन के पसंदीदा लोग बनाए जाएंगे ओएसडी

**मुख्य नगर संवाददाता**

रायपुर, 6 जनवरी। भाजपा की विधानसभा में शानदार जीत के बाद अब मंत्री स्टाफ की नियुक्ति के लिए कवायद तेज हो गई है। संघ और संगठन की कसौटी में जो सही उतरेंगे उन्हें ही मंत्रियों का विशेष सहायक और निज सहायक बनाया गया। सूर्या फाउंडेशन से संबद्ध लोगों को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के यहां नियुक्त कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा में भाजपा की जीत के बाद मुख्यमंत्री के चयन को लेकर हाईकमान ने काफी सतर्कता बरती है। इसके पश्चात कैबिनेट मंत्री बनाए गए। विभागों का वितरण भी काफी विलंब से हुआ। मंत्रिपरिषद तो बन गया है लेकिन उनके निजी स्टाफ की नियुक्ति नहीं हो पाई है। पांच फरवरी से विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने जा रहा है। इसमें अनेक प्रश्न लगाए जाते हैं। ध्यानाकर्षण से लेकर काम रोको प्रस्ताव तक के उत्तर बनाने में विशेष सहायकों की भूमिका होती है। शासकीय कामकाज में सभी कार्य शासकीय नियमों के अनुसार करने के लिए वे मार्गदर्शन देते हैं। कई विशेष सहायक गैरराजनीतिक काम भी करते हैं। मंत्रालय के अनेक विभागों के कर्मचारी पिछले कई वर्षों से मंत्री स्टाफ में हैं। स्टाफ को फायदा यह हाता है कि उन्हें राजधानी में शासकीय आवास प्राथमिकता के आधार पर मिल जाता है। कई मंत्री अपने विभाग के अधिकारियों को ही ओएसडी बना लेते हैं ताकि विभाग का काम सुचारू रूप से चल सके। इस समय संघ समर्थक एवं आरएसएस की विचारधारा वाले अधिकारियों को ओएसडी बनाने पर विचार किया जा रहा है।

मंत्रिमण्डल विस्तार एवं विभागों के वितरण के पश्चात आईएएस अधिकारियों की भी पदस्थापना कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार संघ के एक वरिष्ठ पदाधिकारी से इस समय मिलने-जुलने का सिलसिला जारी है। संगठन से सहमति मिलने के बाद ही अधिकारियों को नियुक्त किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार साफ सुथरे छवि वालों को ही विशेष एवं निज सहायक बनाया जाएगा।



रायपुर 6 जनवरी। भाटागांव ओवरब्रिज के नीचे राम मंदिर उद्घाटन के पूर्व आकर्षक पेंटिंग की जा रही है।

## एक नजर

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर महिला से लाखों की ठगी

**रायपुर, 6 जनवरी।** एयरपोर्ट में स्टॉफनर्स के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर राखी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया के.अनिता 28 वर्ष सेक्टर 29 ब्लॉक 21/304 राखी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थिया ने नर्स के पद के लिए अपना सीवी साईन डॉट कॉम में अपडेट की थी। जिससे अज्ञात मोबाइल क्रमांक 95821-62728 के धारक ने प्रार्थिया को फोन कर एयरपोर्ट में स्टॉफ नर्स की नौकरी लगाने का झांसा देकर अपने बताये खाता में 2,48,990 रुपए जमा कर ठगी किया। प्रार्थिया की शिकायत पर राखी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पार्किंग में खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 6 जनवरी।** सेक्टर-5 स्थित श्री मारूति कोरियर सर्विस पार्किंग में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मूलचंद निषाद 24 वर्ष सड्डू विधानसभा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 04 पीवी 7150 को सेक्टर-5 स्थित श्री मारूति कोरियर सर्विस पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 95 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आपसी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर, 6 जनवरी।** ककड़ चौक कटोरातालाब में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राकेश शर्मा 32 वर्ष श्यामनगर तेलीबांधा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी राजा यादव ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

### 8 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 6 जनवरी ।** खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम धौराभाठा में दबिश देकर जुआ खेलते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 61050 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम धौराभाठा में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी चोवाराम साहू 35 वर्ष सहित अन्य 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 61050 रुपए जब्त किया है।

### सरेआम शराब पीते 11 गिरफ्तार

**रायपुर, 6 जनवरी।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने सम्राट टॉकीज के पाास सरेआम शराब पीते आरोपी राजेश मेहरा 28 वर्ष, आशीष रगडे 30 वर्ष, धनेश्वर साहू 31 वर्ष, विनय पाल 31 वर्ष व विकाश सूर्यवंशी 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी तारकेश्वर साहू 40 वर्ष व छोटू वासुदेव 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### निधन

#### एस. एस.बनर्जी

**रायपुर।** लोकल फंड आडिट(स्टेट आडिट) विभाग के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के प्रथम संयुक्त संचालक श्री श्याम सुन्दर बनर्जी (81वर्ष)का आज सुबह 9बजे नोएडा ( दिल्ली)में दुखद निधन हो गया।अन्तिम संस्कार



5 जनवरी2024को दिल्ली में किया गया।संचालनालय इंद्रावती भवन नया रायपुर,क्षेत्रीय कार्यालय 1 घड़ी चौक रायपुर और क्षेत्रीय कार्यालय न. 2 डगनिया रायपुर में अधिकारी कर्मचारियों ने 2मिनट मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से अपर संचालक बी. एस. भगत एवम् डॉ आशीष मिश्रा,संयुक्त संचालक गिरीश पुर्रे, पीयूष प्रसाद,शैलेंद्र बंसपाल, एस.एस.टांडेय,उप संचालक अविनाश तिवारी, व्ही .माहेश्वरी,से. नि.उप संचालक एस. एस.खंगन, सहायक संचालक वेद मरकाम, श्री सोनवाने,कदम सिदार, से. नि.सहायक संचालक के .के. निगम, जे. के. श्रीवास्तव, एस. पी .साहू,एस. एल.गजेंद्र, के. के. खंगन ,रवि गहलोत,जीत राम साहू, गोविंद सिंह, एस. एल.गुप्ता,सीनियर आडिटर प्रदीप वर्मा,दिलीप कुमार, ओ.पी.नायक , एन . यू .खान श्रीमती मधु साहू, शोभा कोल्हे,राजू पटेल ,राहुल अरोरा सहित अनेक अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।श्री बनर्जी अत्यधिक लोक प्रिय और मिलनसार अधिकारी थे।

## चारपहिया वाहन से गांजा तस्करी करते दो गिरफ्तार

**रायपुर, 6 जनवरी ।** कबीर नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चारपहिया वाहन से गांजा तस्करी करते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 किलो 190 ग्राम गांजा, 2 नग मोबाइल व बोलेरो वाहन जब्त किया है।मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बंगाली होटल के पास चारपहिया वाहन सवार कुछ व्यक्ति अपने पास गांजा रखे है तथा बिक्री की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे है। जिस पर पुलिस की टीम चारपहिया वाहन में सवार 2 व्यक्ति को पकड़ें पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम देवेन्द्र सिंग 38 वर्ष तथा धर्मेन्द्र सिंग 34 वर्ष निवासी हीरापुर कबीर नगर रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके चारपहिया वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 10 किलो 190 ग्राम गांजा तथा घटना में प्रयुक्त चारपहिया बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 04 एचसी 4987 एवं 02 नगा मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 6,50,000 रुपये जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## वन और पुलिस विभाग में होगी शीघ्र सर्जरी

- नए पीसीसीएफ की दौड़ में अरुण पांडेय सबसे आगे
- पीएचक्यू में भी होगा फेरबदल

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 6 जनवरी।** नए मुख्यमंत्री ने आईएएस अधिकारियों की नई पदस्थापना सूची जारी कर दी है। अब वन तथा पुलिस विभाग में भी नए मुखिया बनाने के लिए उठापटक चल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में पुलिस के मुखिया डीजीपी अशोक जुनेजा एक्सटेंशन पर चल रहे हैं। उनकी सेवा वृद्धि इस वर्ष कार्यकाल अगस्त में खत्म होगी। नियमानुसार डीजीपी के पद पर सेवावृद्धि नहीं दी जाती है लेकिन इससे पहले डीएम अवस्थी सेवानिवृत्ति के बाद ओएसडी बनाए गए थे। वहीं संजय पिल्ले के अवकाश ग्रहण करने के बाद उनकी भी सेवा अवधि में वृद्धि की गई। यहां पर एडीजीपी स्तर के कई अधिकारी अब डीजीपी बनने के लिए प्रयासरत हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार डीजीपी वही व्यक्ति बन सकता है जो कि 20 वर्ष से अधिक का कार्यकाल पूरा कर लिया हो तथा वह डीजीपी के समकक्ष पद पर आ गया हो। छत्तीसगढ़ पुलिस महानिदेशक संवर्ग के दो पद हैं। पहला महानिदेशक नगर सेनानी दूसरा सामान्य प्रशासनिक पद। पुलिस महकमे में राजेश मिश्रा, विवेकानंद सिन्हा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी काफी भागदौड़ कर रहे हैं। अब मुख्यमंत्री ही इनकी नियुक्ति पर अंतिम मुहर लगाएंगे। इसके अलावा कई चर्चित डीआईजी, एसपी तथा अन्य अधिकारी हटाए जाएंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायत के आधार पर मैदानी पुलिस कर्मियों को भी हटाया जाएगा। वर्तमान में गृहमंत्री विजय शर्मा अनेक जिलों का दौरा कर रहे हैं। उनके सामने कई शिकायतें आई है।

वन विभाग में राव को हटाने के लिए काफी लोग सक्रिय हैं। उनकी नियुक्ति हमेशा विवादों में रही है। राव के समकक्ष अनेक अधिकारी एससीसीएफ पद पर कार्यरत हैं। जिनमें संजय ओझा, अरुण पांडेय, अनिल रॉय तथा संजय अग्रवाल हैं। ये सभी अधिकारी वन मुखिया के पद पर आने के लिए प्रयास कर रहे हैं। इनमें अरुण पांडेय का नाम सबसे आगे चल रहा है। फिलहाल वन और पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों की पदस्थापना सूची जारी नहीं हुई है लेकिन सभी अधिकारी भारसाधक मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक भागदौड़ कर रहे हैं। शिक्षा विभाग तथा आवास एवं पर्यावरण विभाग में भी अधिकारियों को बदला जाएगा। नगरी निकाय में कई चर्चित कमिश्नर हटाए जाएंगे।

### यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन 7 को

**रायपुर 6 जनवरी।** छत्तीसगढ़ यादव समाज द्वारा सात जनवरी को दोपहर 2 बजे शहीद स्मारक भवन में यादव युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता सुधीर यादव करेंगे। विशेष अतिथि एजाज ढेबर व प्रमोद दुबे होंगे। यह जानकारी संरक्षक डॉ. जगदीश प्रसाद यादव ने दी है।

### चोरी का आरोपी पकड़ाया

**रायपुर, 6 जनवरी।** गोलबाजार स्थित दुकान में हजारों रुपए का सामान चोरी करने वाला आरोपी को पुलिस के टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी का सामान जब्त किया है।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की बैठक में रद्द हो रही यात्री ट्रेनों पर चर्चा

**रायपुर 6 जनवरी।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि बिलासपुर में आयोजित हुई रेलवे जेड आर यू सी सी मेम्बरो की बैठक में जेड आर यू सी मेम्बर और छत्तीसगढ़ चेंबर के राजेंद्र जग्गी ने किया छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधित्व किया। बैठक में रद्द हो रही यात्री ट्रेनों पर चर्चा हुई तथा यात्री सुविधाओं से संबंधित सुझाव रखे गए। चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 18 वी बैठक बिलासपुर के रेलवे के महाप्रबंधक प्रशासनिक भवन मे महाप्रबंधक श्री आलोक कुमार जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई मीटिंग के शुभारंभ में रेलवे महाप्रबंधक श्री आलोक कुमार जी ने जेड आर यू सी सी मेंबरो का शाल श्री फल से सम्मानित किया श्री जग्गी ने रेलवे विकास और यात्री सुविधाओं से संबंधित निम्न सुझाव रखे जो निम्नानुसार है बिलासपुर रेलवे जोन में विगत वर्षो में लगातार यात्री ट्रेन रद्द हो रही है जिसमें चैंबर की तरफ से मांग की गई की कम से कम 15 दिन पहले सूचित किया जावे जिससे की यात्रीगण अपनी वैकल्पिक व्यवस्था कर सके। इसके जवाब में रेलवे महाप्रबंधक ने इसे गंभीर विषय मनात् हुए उन्होंने इस मांग को उचित माना एवं उन्होंने कहा कि हम पूरा प्रयास करेंगे कि यह समस्या आगे ना आए अगर किसी कारणवश होती है तो उसे कम से कम 15 दिन पहले सूचित करने का प्रयास किया जाएगा। रेलवे पार्सल में छोटे व्यापारियों को आ रही असविधा हेतु भी चैंबर द्वारा मांग रखी गई की कच्चा माल जो छोटे व्यापारी मांगते हैं किसी कारणवश वह आगे स्टेशन पर चला जाता है उसके क्लैंप हेतु छत्तीसगढ़ के व्यापारियों को नागपुर या भोपाल क्रिमिनल कोर्ट के लिए के जाना पड़ता है।

### हत्या की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 6 जनवरी।** गंज पुलिस ने मामूली बात पर हत्या की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि देशी शराब दुकान में कलिंग नगर गुढ़ियारी निवासी सुशील भोजवानी एवं अविनाश बघेल शराब खरीद रहे थे, कि इसी दौरान दोनों शराब बोतल लेने की बात को लेकर आपस में विवाद कर मारपीट करने लगे। तभी आरोपी अविनाश बघेल पास पड़े ईंट को उठाकर ईंट से सुशील भोजवानी के सिर एवं छाती पर वार कर गंभीर चोट पहुंचाकर फरार हो गया। जिस पर सुशील भोजवानी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान सुशील भोजवानी 42 वर्ष निवासी कलिंगनगर गुढ़ियारी रायपुर की मृत्यु हो गई। मर्ग जाँच पर आरोपी अविनाश बघेल 19 वर्ष के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## ईडी भाजपा की षडयंत्रकारी एजेंसी: सुशील आनंद

**रायपुर 6 जनवरी।** महादेव सट्टा एप मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर लगे आरोपों को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर तंज कसा है. कांग्रेस ने प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) को बीजेपी का षड्यंत्रकारी एजेंसी बताया है. साथ ही यह भी कहा कि, पश्चिम बंगाल में ईडी की कार्रवाई की प्रतिक्रिया भी सामने आने लगी है.



कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने एक वीडियो जारी कर कहा कि, श्वष्ठ जांच एजेंसी नहीं बीजेपी की षड्यंत्रकारी एजेंसी है. असीम दास के आरोपों पर पूर्व ष्टरूभूपेश बघेल के खिलाफ प्रेसनोट जारी किया गया था. इसके बाद असीम दास ने कोर्ट में अपने बयान में इसका खंडन भी किया है. उन्होंने कहा कि, अब असीम दास का बयान झूठलाने के लिए श्वष्ठ जेल अंदर जाकर उसका बयान ले रही है. ऐसे में थर्ड डिग्री वाले बयान या कोर्ट के बयान, किसे ऑथेंटिक माना जाए. सभी बयानों से साफ होता है, यह श्वष्ठ का षड्यंत्र है. पूरी तरीके से इसका मुकाबला किया जाएगा. भूपेश बघेल पाक साफ होकर निकलेंगे और भाजपा का षड्यंत्र सबके सामने होगा. वहीं, पश्चिम बंगाल में ईडी की टीम पर हुए हमले को लेकर सुशील आनंद ने कहा कि, क्रिया की प्रतिक्रिया भी आने लगी है.

दरअसल, महादेव सट्टा एप मामले में श्वष्ठ ने चार्जशीट दाखिल की है. इस चार्जशीट में 5 नए लोगों को आरोपी बनाया गया है. इसमें शुभम सोनी, अनिल अग्रवाल, रोहित गुलाटी, भीम सिंह और असीम दास है. चार्जशीट में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नाम का भी जिक्र है. शुभम सोनी के बयान में भूपेश बघेल पर लगाए आरोपों के कारण उनका नाम सामने आया है. शुभम सोनी ने भूपेश पर 508 करोड़ लेने का आरोप लगाया था।

## पार्किंग ठेकेदार ने रेलवे को लगाया 19 लाख का चूना

### भुगतान किए बिना ठेकेदारी छोड़कर चला गया

**रायपुर 6 जनवरी।** रायपुर रेल मंडल में ठेकेदार ने रेलवे का 19 लाख दिए बिना ही पार्किंग छोड़ दिया है. रायपुर रेल मंडल के अधिकारियों के पास सिर्फ लिखित आश्वासन मौजूद है कि ठेकेदार ये राशि दे देगा. यानी रेल अधिकारी इस ठेकेदार को पहले भी संरक्षण देते रहे और अब भी संरक्षण दे रहे है. हालांकि रेल अधिकारियों का कहना है कि 3 महीने का समय होता है, इसमें ठेकेदार को राशि जमा करनी होती है.



दरअसल रायपुर रेलवे स्टेशन में गुढ़ियारी ओर की पार्किंग का ठेका सग्गू नाम के पार्किंग ठेकेदार को दिया गया था. ठेकेदार ने ठेका लेते वक्त करीब 10 से 12 लाख रूपए अनुमानित राशि रेलवे में बतौर सिक्योरिटी डिपॉजिट जमा कराई. लेकिन रायपुर रेल मंडल के जिम्मेदार रेल अधिकारी सबकुछ जानकर भी अंजान बनते रहे और ठेकेदार की बकाया राशि धीरे-धीरे 30 से 35 लाख के करीब पहुंच गई.

रेलवे अधिकारी ठेकेदार को नोटिस देते रहे और उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई. रेलवे ने टर्मिनेशन की कार्रवाई आगे बढ़ाई और पार्किंग रेलवे ने खुद चलानी शुरू की.

अब सवाल ये है कि जब लाइसेंस फीस डिपाजिट अमाउंट से 19 लाख रुपए अधिक तक चली गई तब भी ठेकेदार को रेलवे अधिकारियों ने पार्किंग चलाने क्यों दिया ?

इस पूरे मामले में रेलवे का विजिलेंस डिपार्टमेंट भी संदेह के दायरे में है. सवाल ये है कि जिस विभाग की जिम्मेदारी ही मॉनिटरिंग करने की है तो उन्होंने भी पार्किंग के इस मामले में संज्ञान क्यों नहीं लिया और अब ठेकेदार के पार्किंग छोड़ने और चपत लगाने के बाद भी रेलवे इस मामले में जांच करेगी या नहीं ?

ठेकेदार के खिलाफ लगातार शिकायतें बढ़ गई थी. रेलवे ने ठेकेदार को 3 नोटिस दी, जिसके बाद ठेकेदार ने खुद गुढ़ियारी की पार्किंग छोड़ने का आवेदन दिया था. अब ये पार्किंग रेलवे चला रहा है।

## श्री राम संवाद का आयोजन किया गया

**रायपुर 6 जनवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर भवन में कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी की अध्यक्षता में मिटिंग आयोजित की गई थी। मिटिंग का विषय श्री राम संवाद, कैट हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या अभियान चलायेगा पर चर्चा हुई। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्री राम के मंदिर का शुभारंभ को भारत में एक अविस्मरणीय दिन बनाने तथा उस दिन देश भर में दीपावली मनाये जाने को लेकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) 22 जनवरी तक देश के सभी राज्यो में हर शहर अयोध्या - घर घर अयोध्या अभियान चला रहा है। श्री पारवानी ने कहा कि बाजारों में दुकान-दुकान




जा कर राम जी के झंडा, पटका तथा स्टीकर, पोस्टर दुकानों पर लगाने के लिए वितरण कार्यक्रम का आंरभ किया जाय। यह लगातार चलता रहेगा। शहर के विभिन्न बाजारों में स्थित श्री हनुमान मंदिर या श्री राम मंदिर में आरती ,हनुमान चालीसा भजन का कार्यक्रम शुरू किया गया है जिसके तहत कल शनिवार को डुमरताराई थोक व्यापारी संघ में स्तिथ श्री हनुमान मंदिर में शाम को आरती का कार्यक्रम एवं मंगलवार को बंजारी रोड व्यापारी संघ में आरती का कार्यक्रम रखा गया है। शहर एवं बाजारों में होर्डिंग एवं पोस्टर भी लगाये जा रहे है।22 जनवरी को हर घर,दुकान में दिवाली जैसा माहौल बनायें । श्री पारवानी ने कहा कि इस श्रृंखला में विशेष निवेदन है कि इस ऐतिहासिक दिन की स्मृति में श्री राम मंदिर के मॉडल को न केवल अपनी दुकान एवं घरों में रखे बल्कि व्यापारियों को मॉडल को उपहार में देने के लिए भी प्रेरित करें। श्री राम मंदिर मॉडल विभिन्न साइजो में बाजार में उपलब्ध है। विभिन्न व्यापारी संगठनों कपड़ा व्यापारी संघ ,दवा व्यापारी संघ, बंजारी रोड व्यापारी संघ, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ,रवि भवन व्यापारी संघ, एमजी रोड व्यापारी संघ आदि ने अपने यहां होने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा बताई

मिटिंग में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी तथा रायपुर के सभी संगठनों से पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे :- अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, अजय अग्रवाल,भरत जैन, अवनीत सिंह, अमर धिंगानी,विजय पटेल,राजेंद्र जग्गी,राम मध्यान ,संजय रावत,नरेश पाटनी, जयराम कुकरेजा एवं दीपक विधानी आदि।

## विप्र खेल उत्सव में कॉलेज के विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

**रायपुर 6 जनवरी।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में तीन दिवसीय खेल उत्सव में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 100 मीटर रेस में गर्ल्स में प्रथम स्थान बीसीए के दिव्या साहू और दूसरा स्थान बीसीए के ही रिया सिंह ने प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में प्रथम स्थान बीपीएड के देवराज टंडन एवं द्वितीय स्थान बीसीए के डोमेश निर्मलकर ने प्राप्त किया ।गोला फेक छात्र वर्ग में प्रथम स्थान मेमन ने और द्वितीय स्थान ओम कुमार ने प्राप्त किया। गोला फेक गर्ल्स में बीपीएड के खुशबू देवांगन ने प्रथम एवं बीपीएड के दिव्या ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कबड्डी छात्र वर्ग में बीपीएड के छात्रों ने बीपीई की टीम को 27-14 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। कबड्डी गर्ल्स में बीसीए ने बीपीई को 30 -16 से हराकर फाइनल मैच



जीता। वॉलीबॉल छात्र वर्ग में बीपीएड ने बीसीए को 15 -12 एवं 15 -10 से हराकर रोमांचक फाइनल मैच में जीत दर्ज की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि फिट इंडिया, हिट इंडिया तभी रहेगा जब युवा खेल मैदान में नियमित रूप से खेलें। विकसित भारत के लिए स्वस्थ मन और स्वस्थ शरीर के साथ ही युवा अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। इसके बाद सभी विद्यार्थियों ने नियमित रूप से खेल मैदान में एक घंटा खेलने का संकल्प लिया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26